हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, सोमवार, 24 फरवरी 2025 | अंक 133/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

पाकिस्तान के सामने 51वां वनडे शतक लगाया

भारत की पाक पर 'विराट' जीत

पाकिस्तान-चैंपियंस ट्रॉफी से लगभग बाहर

विराट कोहली

100 रन की पारी खेली विराट कोहली ने 111 बॉल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाए। विराट कोहली ने वनडे में 14 हजार रन पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम को छूने वाले सबसे तेज हैं। कोहली ने 287 वनडे पारियों में 14 हजार रन पूरे किए हैं। इस मामले में कोहली ने तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। तेंदुलकर ने 350 पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी। इसी के साथ कोहली और शुभमन गिल के बीच 50 से ज्यादा रन की साझेदारी भी हो चुकी है। 13 ओवर के बाद भारत का स्कोर एक विकेट पर 84 रन है। कोहली 22 रन और गिल 39 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

पाक की धीमी बैटिंग: पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमी बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी। स्पिनर्स की कमी: पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके। टीम ने स्क्वॉड में लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान को भी नहीं रखा।

कुलदीप यादव की शानदार बॉलिंग: 3 विकेट झटके, डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी।

दुबई. भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी को 2 विकेट मिले। अबरार अहमद और खुशदिल शाह को 1-1 विकेट मिला। विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में 23 फरवरी भारतीय टीम की टक्कर पाकिस्तान से है. यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में है. इस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया. भारत की जीत के हीरो विराट कोहली रहे, जिन्होंने नाबाद शतक जड़ा. कोहली ने खुशदिल शाह की गेंद पर चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया. साथ ही भारत को भी जीत दिलाई. कोहली 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल रहे. भारत को 214 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। खुशदिल शाह ने श्रेयस अय्यर को इमाम के हाथों कैच कराया। वह 67 गेंद पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस ने कोहली के साथ 114 रन की साझेदारी निभाई। फिलहाल कोहली और हार्दिक क्रीज पर हैं। कोहली 51वें शतक के करीब हैं। भारत को जीत के लिए 20 रन चाहिए और कोहली को शतक के लिए 15 रन चाहिए। विकेटों के पतझड़ के बीच खुशदिल शाह ने 38 रनों की पारी खेलकर पाकिस्तान को सम्मानजक स्कोर तक पहुंचाने की कोशिश की. खुशदिल ने दो छक्के की मदद से 39 गेंदों पर 38 रन बनाए. खुशदिल 50वें ओवर में हर्षित राणा का शिकार बने. भारत की ओर से कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए. वहीं हार्दिक पंड्या को दो विकेट हासिल हुआ. अक्षर पटेल, हर्षित राणा और रवींद्र जडेजा को भी एक-एक विकेट मिला.

ऑनलाइन कॉन्टेंट पर शिकंजा कसेगी सरकार

रणवीर इलाहाबादिया के विवादित बयान पर सरकार ले सकती है फैसला

मुंबई.

रणवीर इलाहाबादिया के बयान को लेकर उठे विवाद के बीच सरकार ऑनलाइन कॉन्टेंट पर शिकंजा कसने के लिए नए कानूनी ढांचे पर विचार कर रही है. सूत्रों के मुताबिक सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय स्थायी समिति को इस बारे में सूचित कर दिया है. इससे पहले निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली इस समिति ने सूचना एवं प्रसारण सचिव और अन्य अधिकारियों से ऐसे कॉन्टेंट को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित कदमों का विस्तृत मसौदा प्रस्तुत करने को कहा था. सरकार का यह कदम डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर बढ़ते गलत सूचना, आपत्तिजनक सामग्री और जवाबदेही से जुड़े मुद्दों को नियंत्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है. बता दें कि कॉमेडियन समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में पेरेंट्स और उनकी निजी जिंदगी को लेकर जोक करने के चलते यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया बड़ी मुश्किलों में फंसे हुए हैं. रणवीर के जोक की वीडियो सोशल मीडिया पर पर वायरल हुई थी, जिसके बाद उनकी आलोचना और ट्रोलिंग शुरू हो गई. ये मामला बढ़ते-बढ़ते इंटरनेट से निकलकर संसद तक पहुंच गया. जनता के साथ-साथ नेताओं, सेलेब्स और हिंदू संगठनों ने भी रणवीर की आलोचना की. इतना ही नहीं, उनके नाम भारत के अलग-अलग राज्यों में एफआईआर भी दर्ज हुई. रणवीर इलाहाबादिया पर दर्ज हुए केस में मुंबई पुलिस जांच कर रही है. रणवीर के साथ-साथ कॉमेडियन समय रैना, यूट्यूबर आशीष चंचलानी और इंफ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा समेत 'इंडियाज गॉट लेटेंट' की टीम पर भी केस हुआ है. सभी को एक-एक कर मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में बुलाकर पूछताछ की जा रही है.

5 लोगों की मौत, 10 से ज्यादा घायल

लिंबड़ी-राजकोट हाईवे पर डंपर और मिनी ट्रैवलर में टक्कर

गांधीनगर.

गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में लिंबडी-राजकोट हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. इसमें डंपर और मिनी ट्रैवलर के बीच टक्कर में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए. हादसा मोरवड गांव के पास पुल पर हुआ है. जहां तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रही मिनी ट्रैवल्स को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए. मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं. हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया. सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया. पुलिस ने प्राथमिक जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है. चूड़ा पुलिस थाने के उपनिरीक्षक जे.एन. गमारा ने बताया कि यह दुर्घटना शाम करीब साढ़े चार बजे लिम्बडी तालुका के नवी मोरवाड़ गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई.

बंगाल के पर्यटकों का एक समूह टेंपो ट्रैवलर में यात्रा कर रहा था, तभी उनका वाहन एक डंपर से टकरा गया. अधिकारी ने बताया कि ये पर्यटक दीव और गिर जैसी जगहों की यात्रा कर लौट रहे थे और दो दिन बाद अहमदाबाद से उनकी फ्लाइट थी. हादसे में दो महिलाओं और तीन पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए जिले के सायला स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है.

भारत स्पेस साइंस में नई ऊंचाई छू रहा

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने स्पेस साइंस से लेकर एआईऔर स्पोर्ट्स तक कई मुद्दों पर बात की. पीएम मोदी ने कहा, 'इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है. क्रिकेट में सेंचुरी का रोमांच क्या होता है, यह तो हम सब भली-भांति जानते हैं. लेकिन आज मैं आपसे भारत की स्पेस में बनाई शानदार सेंचुरी के बारे में बात करने वाला हूं.' पीएम मोदी ने आगे कहा, 'पिछले महीने देश इसरो के 100वें रॉकेट की लॉन्चिंग का साक्षी बना है. यह केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि इससे स्पेस साइंस में नित नई ऊंचाइयों को छूने के हमारे संकल्प का भी पता चलता है.' प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'हमारी स्पेस जर्नी की शुरुआत बहुत ही सामान्य तरीके से हुई थी. इसमें कदम-कदम पर चुनौतियां थीं. लेकिन हमारे वैज्ञानिक विजय प्राप्त करते हुए आगे बढ़ते ही गए. समय के साथ अंतरिक्ष की इस उड़ान में हमारी सफलताओं की लिस्ट काफी लंबी होती चली गई.

महाशिवरात्रि स्नान पर विशेष व्यवस्था

बेहतर ट्रैफिक के लिए भेजे गए 6 आईपीएस अफसर

प्रयागराज. एडीजी पीएसी सुजीत पांडे के साथ-साथ आईजी चंद्र प्रकाश, प्रीतेंद्र सिंह, राजेश मोदक और मंजिल सैनी को भी यातायात व्यवस्था के लिए लगाया गया है. हर अफसर को अलग-अलग रूट की जिम्मेदारी दी गई है. एडीजी पीएसी सुजीत पांडे प्रयागराज- मिर्जापुर राजमार्ग की व्यवस्था संभालेंगे. जबकि आईपीएस चंद्र प्रकाश प्रयागराज-वाराणसी मार्ग का ट्रैफिक देखेंगे. आईजी प्रीतिंदर सिंह प्रयागराज-रीवा राजमार्ग का ट्रैफिक संभालेंगे. वहीं आईजी राजेश मोदक प्रयागराज के शहरी क्षेत्र के ट्रैफिक को संभालेंगे. इसके अलावा विजिलेंस में आईजी मंजिल सैनी लखनऊ और अयोध्या-प्रतापगढ़ रूट के ट्रैफिक को संभालते दिखेंगी. प्रयागराज की ओर आने वाले सभी 7 प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन की जिम्मेदारी पुलिस के सीनियर अफसर को दी गई है. प्रयागराज में हर दिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ रही है. जिसके चलते शहर में जाम भी लग रहा है. महाकुंभ में महाशिवरात्रि आखिरी स्नान होगा, ऐसे में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त हो, इसलिए सरकार पहले से अलर्ट हो गई है. दावा किया जा रहा है कि महाशिवरात्रि पर अनुमान से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ आ सकती है.

तेलंगाना टनल में 8 मजदूरों के रेस्क्यू की कोशिश जारी

200 मीटर के क्षेत्र से हटाया जाना है मलबा

हैदराबाद. तेलंगाना में शनिवार सुबह एक सुरंग का हिस्सा ढह गया, जिसमें करीब 8 मजदूर फंसे हैं। बीते 24 घंटे से रेस्क्यू का प्रयास जारी है। जानकारी के मुताबिक तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीसैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग में ये हादसा हुआ है, जहां आठ फंसे हुए मजदूरों को बाहर निकालने के लिए बचाव कार्य लगातार जारी है। बचाव टीमों का कहना है कि कीचड़ के कारण मौके तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। पहले 200 मीटर का मलबा हटाना होगा। बचाव दल की एक टीम जो अंदर गई थी वो वापस आ गई है। टीम मजदूरों के बेहद करीब पहुंच गई थी, जहां से फंसे हुए मजदूरों के नाम से पुकारा लेकिन आगे 2 किलोमीटर में पानी भरा हुआ है। और करीब 200 मीटर में मलबा, इसी कारण से टीम वापस आ गई। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडर सुखेंदु ने पूरी जानकारी देते कहा कि, "कल रात करीब 10 बजे हम स्थिति का विश्लेषण करने के लिए सुरंग के अंदर गए। सुरंग के अंदर 13 किलोमीटर की दूरी में से हमने 11 किलोमीटर इस लोकोमोटिव पर और बाकी 2 किलोमीटर कन्वेयर बेल्ट पर तय किया...जब हम (टनल बोरिंग मशीन) के अंत में पहुंचे, तो हमने फंसे हुए श्रमिकों से उनके नाम पुकारकर संपर्क स्थापित करने की कोशिश की, लेकिन हमें कुछ नहीं मिला। उन्होंने आगे बताया कि "मलबे से 200 मीटर का पैच भरा हुआ है। जब तक इस मलबे को साफ नहीं किया जाता, हम फंसे हुए श्रमिकों का सही स्थान नहीं जान पाएंगे और उन्हें बचा नहीं पाएंगे। सुरंग के 11-13 किलोमीटर के बीच के पैच में पानी भरा हुआ है और जब तक पानी नहीं निकाला जाता, तब तक मलबा साफ करने का काम शुरू नहीं होगा।

10 एकड़ में बनेगा कैंसर अस्पताल

भोपाल. मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में पीएम मोदी बालाजी भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे. जहां उन्होंने 100 बेड की व्यवस्था वाले कैंसर अस्पताल की नींव रखी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को संबोधित किया. इस बीच उन्होंने कहा कि आज हनुमान दादा की कृपा मुझ पर हुई और मैंने भी पहली पर्ची निकाली. यह सुनकर पंडित धीरेंद्र भी मुस्कुराने लगे. यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार, वीरों की इस धरती बुंदेलखंड आने का सौभाग्य मिला है. इस बार तो बालाजी का बुलावा आया हूं. ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का भी केंद्र बनने जा रहा है. अभी मैंने यहां श्री बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान का भूमिपूजन किया है. ये संस्थान 10 एकड़ में बनेगा. पहले चरण में ही इसमें 100 बेड की सुविधा तैयार होगी. मैं इस पुनीत कार्य के लिए धीरेन्द्र शास्त्री जी का अभिनंदन करता हूं और बुंदेलखंड के लोगों को बहुत बहुत बधाई देता हूं.

ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में लगी आग

दिसपुर. असम में कछार के बिहरा इलाके में चलती बराक-ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई. घटना से यात्रियों में हड़कंप मच गया. वहीं घटना को लेकर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कहा है कि ब्रेक बाइंडिंग की समस्या से वजह से ऐसा हुआ. बताया जाता है कि स्लीपर कोच के पहिये में अचानक आग लग गई. हालांकि रेलवे पुलिस ने आग पर काबू पा लिया. हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ. ट्रेन शिलांग से तिनसुकिया जा रही थी, तभी कछार में ट्रेन के पहियों में धुआं उठने लगा. इस बारे में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिलंजल किशोर शर्मा ने बताया कि ट्रेन 15641 के स्लीपर कोच के एक पहिये में ब्रेक बाइंडिंग के कारण धुआं उठने लगा. ब्रेक बाइंडिंग तब होती है जब ब्रेक पहियों को बहुत कसकर पकड़ लेते हैं, जिससे धुआं निकलता है. इस समस्या का तुरंत समाधान किया गया और ट्रेन करीब 45 मिनट की देरी के बाद बिहरा स्टेशन से रवाना हुई. शर्मा ने कहा, "चिंता की कोई बात नहीं है." बता दें कि इससे पहले 22 जनवरी को लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के कुछ यात्री चेन खींचने की घटना के बाद ट्रेन से कूद गए थे. इसके बाद महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बगल की पटरी पर कर्नाटक एक्सप्रेस ने उन्हें कुचल दिया था. इस घटना में कुल 13 लोगों की मौत हो गई थी.

सोलन-शिमला बाईपास पर सड़क हादसा

शिमला. शिमला हाईवे पर बिटना के नजदीक सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे की तरफ से तेज रफ्तार कार टकराते हुए घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार चार युवकों में से एक युवक छत टूटने से 10 फीट दूर जा गिरा। दूसरा युवक खिड़की से बाहर निकल गया और दो कार के अंदर ही फंसे रहे। पिंजौर-परवाणू बाईपास पर बिटना गांव के पास यह हादसा सुबह करीब पांच बजे हुआ। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पिंजौर पुलिस ने सभी को एबुलेंस से सेक्टर-6 सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद चारों को मृत बता दिया। हादसे के दौरान सभी शव क्षत विक्षत हालत में पाए गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिए गए।

प्रयागराज में 25 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम

प्रयागराज. उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में रविवार को सुबह -सुबह 25 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, क्योंकि पिछले सप्ताहांत महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर में उमड़ पड़े। महाकुंभ के समापन से पहले रविवार को अंतिम सप्ताहांत होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए एकत्र हुए। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर समाप्त होगा। श्रद्धालु कई घंटों तक जाम में फंसे रहे, लेकिन खबर लिखे जाने तक वहां कोई जाम नहीं था।

3 मार्च से शुरू होगा बजट सत्र

25 मार्च तक चलेगा सदन

मुंबई.

महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र 3 मार्च से 26 मार्च तक मुंबई में होगा. राज्य का बजट 10 मार्च को विधानमंडल के दोनों सदनों में पेश किया जाएगा. रविवार को मुंबई में विधानसभा और विधान परिषद की कार्य सलाहकार समिति की बैठक हुई. इस बैठक में सत्र की कार्यवाही को लेकर चर्चा की गई.

बैठक में विधान परिषद के अध्यक्ष राम शिंदे, विधानसभा के अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल, मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, गिरीश महाजन, शंभूराज देसाई, विधायक प्रसाद लाड, प्रवीण दारेककर, एडवोकेट शामिल हुए. बजट सत्र के दौरान शनिवार 8 मार्च को सार्वजनिक अवकाश होने के दिन भी विधानमंडल की कार्यवाही जारी रहेगी, जबकि 13 मार्च 2025 को होली के अवसर पर कार्यवाही स्थगित रखने का निर्णय इस बैठक में लिया गया. इस दौरान सीएम ने ग्रामीण विकास विभाग के योगदान की सराहना.

उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इतने अच्छे तरीके से किया गया काम सराहनीय है. सीएम ने ग्रामीण विकास मंत्री जयकुमार गोरे, जिला परिषद की टीम, जिला अधिकारियों और सभी विभिन्न विभागों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी. उन्होंने परियोजना में किए गए प्रयासों की तारीफ की, साथ ही वहां मौजूद लोगों को याद दिलाया कि काम जारी है. फडणवीस ने कहा कि आपका काम अभी शुरू हुआ है, यह अभी पूरा नहीं हुआ है. उन्होंने बताया कि धनराशि की पहली किस्त के वितरण के बाद यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि दूसरी किस्त जारी करने से पहले जियो-टैगिंग और उचित प्रमाणीकरण के साथ निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य किया गया है.

राज्य सरकार 15.1 लाख परिवारों को घर उपलब्ध कराएगी

इससे पहले सूबे के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी आवास परियोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र राज्य सरकार 15.1 लाख परिवारों को घर उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है. हम इस उद्देश्य के लिए 70,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रहे हैं और सौर ऊर्जा को जोड़ने के साथ, यह निवेश धीरे-धीरे बढ़कर करीब 1 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा.

CMYK

होली से पहले किसानों को सरकार का बड़ा तोहफा

आज आएगा पीएम किसान का पैसा

नई दिल्ली.

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त सोमवार को जारी की जाएगी. केंद्र सरकार 22 हजार करोड़ रुपये का फंड का रिलीज किया जाएगा. किसान सम्मान निधि की रकम सीधे किसानों के खातों में भेजी जाएगी.

आपका अपना पेमेंट स्टेटस खुद कैसे कैसे चेक कर सकते हैं.

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त अक्टूबर 2024 में जारी की गई थी. अब इस स्कीम की 19वीं किस्त 24 फरवरी को जारी की जाएगी.

पीएम किसान योजना के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपये दिए जाते हैं, जो कि 2-2 हजार की किस्त में किसानों के सीधे खाते में ट्रांसफर किए जाते हैं. इस स्कीम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने साल 2019 में की थी. तब से स्कीम के तहत पात्र किसानों को स्कीम का फायदा मिलता है.

9.8 करोड़ किसानों को मिलेगा फायदा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के भागलपुर से पीएम किसान की 19वीं किस्त रिलीज करेंगे. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को घोषणा की. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में पीएम-किसान की 19वीं किस्त जारी करेंगे. कुल 22,000 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे 9.8 करोड़ पात्र किसानों के बैंक खातों में भेजे जाएगी.

फरवरी में शेयर बाजार से निकले 23,710 करोड़ रुपये

पिछले महीने के मुकाबले संभली स्थिति

नई दिल्ली.

पिछले काफी समय से शेयर बाजार में लगातार गिरावट का दौर जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि, बाजार में लगातार हो रही गिरावट के पीछे की वजह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही पैसे के निकासी है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से 23,710 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। इस तरह 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयरों से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाल चुके हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने भारतीय शेयरों से 23,710 करोड़ रुपये निकाले हैं। जबकि पिछले जनवरी में उन्होंने 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। साल 2025 में अबतक एफपीआई 1,01,737 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। इतनी जबरदस्त बिकवाली के चलते निफ्टी ने भी चार प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार से भी निकासी हुई है। उन्होंने बॉन्ड में सामान्य सीमा के तहत 7,352 करोड़ रुपये और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 3,822 करोड़ रुपये निकाले हैं। कुल मिलाकर विदेशी निवेशकों सतर्क रुख अपना रहे हैं। एफपीआई का 2024 में भारतीय बाजार में निवेश काफी कम होकर 427 करोड़ रुपये रहा था। इससे पहले 2023 में उन्होंने भारतीय बाजार में 1.71 लाख करोड़ रुपये डाले थे, जबकि 2022 में वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि के बीच 1.21 लाख करोड़ रुपये की निकासी की थी।

जनवरी में घरेलू एयरलाइंस ने किया कमाल

नई दिल्ली.

भारत में घरेलू हवाई यात्रा में वृद्धि जारी है, जनवरी 2025 में यात्री यातायात लगभग 1.5 करोड़ तक गया. आईसीआरए की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल दिसंबर 2024 में यात्रियों की संख्या में आई 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और साल दर साल जनवरी 2024 से 14.4 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. घरेलू हवाई सेक्टर के लिए यह एक अच्छी खबर है. इसके अलावा, जनवरी 2025 के आंकड़े जनवरी 2020 के पूर्व-कोविड स्तर से 17.9 फीसदी अधिक हैं. वित्त वर्ष 25 के पहले 10 महीनों (अप्रैल 2024 से जनवरी 2025) में घरेलू हवाई यात्री यातायात 1,372.1 लाख रहा, जो वार्षिक वृद्धि में 7.5 फीसदी और वित्त वर्ष 20 की तुलना में 13 फीसदी की वृद्धि है. पिछले कुछ सालों अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है, जिसमें खासतौर पर जिसमें भारतीय एयरलाइंस ने वित्त वर्ष 25 के पहले नौ महीनों में 248.9 लाख यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया है. यह वार्षिक वृद्धि में 14.5 फीसदी और पूर्व-कोविड के पहले के डेटा से 41.7 फीसदी की बढ़ोतरी है. एयरलाइंस ने जनवरी 2025 में जनवरी 2024 के मुकाबले अपनी क्षमताओं में बढ़ोतरी की है. एयरलाइंस ने इस दौरान 10.8 फीसदी की है. हालांकि, यह दिसंबर 2024 की तुलना में 1.2 फीसदी कम था. घरेलू विमानन क्षेत्र ने जनवरी 2025 में 92.1 फीसदी का यात्री लोड फैक्टर दर्ज किया, जो जनवरी 2024 में 89.2 फीसदी और जनवरी 2020 में 85 फीसदी था.

क्रिप्टो की दुनिया की सबसे बड़ी चोरी

नई दिल्ली.

दुबई बेस्ड क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बायबिट को अब तक के सबसे बड़े क्रिप्टो हैक का सामना करना पड़ा है. हैकर्स ने लेनदेन के दौरान सिक्योरिटी प्रोटोकॉल्स का फायदा उठाते हुए 400,000 इथेरियम चुरा लिए, जिनकी कीमत लगभग 1.5 बिलियन डॉलर (13,000 करोड़ रुपये) है. सीईओ और फाउंडर बेन बेन झोउ ने कस्टमर्स को भरोसा दिलाया कि उनके पैसे सुरक्षित रहेंगे. कंपनी ने इससे प्रभावित हुए यूजर्स को मुआवजा देने के लिए एक रिफंड प्रोग्राम की भी शुरुआत की है.

झोउ ने कहा, बायबिट अपनी कम्युनिटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और हम सभी प्रभावित उपयोगकर्ताओं को पूरा मुआवजा देंगे. बता दें कि बिटकॉइन के बाद

दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी इथेरियम की कीमत हैक होने के बाद करीब 4 परसेंट तक गिर गई. शुक्रवार को इसकी कीमत 2,641.41 डॉलर थी. सीईओ झोउ ने कहा कि बायबिट के पास क्लाइंट की 20 बिलियन डॉलर की संपत्ति है और दुनिया भर में इसके 60 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं. उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि भले ही चुराए गए फंड वापस न मिले, लेकिन कंपनी वित्तीय रूप से स्थिर है. उन्होंने कहा, अगर इस हैक से होने वाले नुकसान की भरपाई नहीं भी होती है, तो भी बायबिट सॉल्वेंट है. दरअसल, इस चोरी के बाद बायबिट के यूजर्स इस बात से घबरा गई कि कहीं कंपनी दिवालिया न हो जाए इसलिए लोगों ने हड़बड़ी में अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया।

इस राज्य पर मेहरबान हुआ अडानी ग्रुप

नई दिल्ली.

30 हजार करोड़ रुपये के निवेश का किया ऐलान

गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप ने अगले पांच सालों में केरल में 30,000 करोड़ रुपये के बड़े निवेश का ऐलान किया है। इसमें विझिनजाम पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए अतिरिक्त 20,000 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। इसकी घोषणा अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अडानी ने इंवेस्ट केरल ग्लोबल समिट 2025 में की है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने लुलु बोलगट्टी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में इस समिट का उद्घाटन किया।

इस इवेंट पर बात करते हुए उन्होंने वैश्विक व्यापार में विझिनजाम बंदरगाह के रणनीतिक महत्व का जिक्र किया। साल 2015 में अडानी ग्रुप ने इस प्रोजेक्ट का कार्यभार संभाला था और अब इस पर 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि विझिनजाम दुनिया के सबसे व्यस्त शिपिंग रुट्स में से एक है।

अपनी ऑफिशियल ओपेनिंग से पहले ही इस बंदरगाह ने 24,000 कंटेनरों की कैपिसिटी के साथ इस बंदरगाह ने भारतीय तटों पर पहुंचने वाले सबसे बड़े कंटेनर जहाज को डॉक करके इतिहास रच दिया। विझिनजाम भारत का पहला ट्रांस-शिपमेंट हब है और अब इसका दायरा और बढ़ाया जाएगा। इस पोर्ट के डेवलपमेंट के अलावा, अडाणी ग्रुप 5,500 करोड़ रुपये के निवेश से त्रिवेंद्रम इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कैपेसिटी को 4.5 मिलियन से बढ़ाकर 12 मिलियन पैसेंजर करेगा। इसी के साथ अडानी ग्रुप का प्लान कोच्चि में लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स हब बनाने और शहर में अपनी सीमेंट प्रोडक्शन कैपेसिटी बढ़ाने की भी है। इन प्रोजेक्ट्स से न केवल केरल का आर्थिक विकास या इंफ्रास्ट्रक्चर में विकास होगा, बल्कि इससे अडानी ग्रुप के कमिटमेंट की भी झलक मिलेगी।

इन कंपनियों पर आरबीआई लगा चुका है जुर्माना

नई दिल्ली. भारतीय रिजर्व बैंक ने सिटीबैंक पर सख्त कार्रवाई करते हुए 39 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंग रेगुलेटर द्वारा यह कार्रवाई बड़े कर्ज (लार्ज एक्सपोजर फ्रेमवर्क) से जुड़ी गाइडलाइंस का पालन न करने और क्रेडिट जानकारी समय पर जमा न करने के कारण की गई है। आरबीआई के अनुसार, 31 मार्च 2023 की वित्तीय स्थिति के आधार पर सिटीबैंक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि बैंक ने कुछ मामलों में बड़े कर्ज की सीमा का उल्लंघन किया और उसकी जानकारी देरी से दी। इसके साथ ही बैंक ने कुछ डेटा में सुधार के बाद भी उसे क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों को सात दिनों के अंदर अपडेट नहीं किया। इस लापरवाही पर आरबीआई ने बैंक को नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों न इस गलती के लिए उस पर जुर्माना लगाया जाए। बैंक के जवाब और सुनवाई के बाद आरबीआई ने तय किया कि नियमों का उल्लंघन हुआ है, इसलिए यह जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा फाइनेंशियल होम लोन लिमिटेड पर 1.50 लाख रुपये और असिरवाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड पर 6.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इन दोनों कंपनियों ने भी वित्तीय नियमों का सही तरीके से पालन नहीं किया था। जिसके लेकर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने कड़ा कदम अपनाया है। सीटी बैंक के खिलाफ रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के इस कार्रवाई के बाद ग्राहकों के बीस डर की आशांका को देखते हुए आरबीआई ने यह साफ कर दिया है कि ये जुर्माने केवल नियमों के उल्लंघन को देखते हुए लगाए गए हैं और इनका ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन की वैधता पर असर नहीं पड़ेगा। जिसके बाद से बैंक के ग्राहकों को राहत पहुंची है। रिजर्व बैंक की यह कार्रवाई इस बात का संकेत देती है कि वह वित्तीय संस्थाओं को उनके संचालन में अधिक पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई करेगा। आरबीआई के नियमों का पालन न करने वाली कंपनियों के खिलाफ इस तरह की कठोर कार्रवाई से वित्तीय क्षेत्र में बेहतर नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है।

लग्जरी घरों में लोगों की बढ़ी दिलचस्पी

नई दिल्ली. मुंबई में लग्जरी हाउसिंग मार्केट लगातार बढ़ रहा है. आजकल के खरीदार बड़े घरों, हाई क्वालिटी सुविधाओं की डिमांड करते है. खुले स्थान, लैंडस्केप गार्डन और वेलनेस-फोकस्ड डिजाइनों वाले प्रीमियम रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स को खरीदारों की ओर से ज्यादा पसंद किया जा रहा है. भारत का लग्जरी हाउसिंग मार्केट काफी मजबूत है. इसमें 2024-25 की पहली छमाही में सात प्रमुख शहरों में बिक्री का मूल्य 279,309 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है. यह यूनिट बिक्री में 18 फीसदी की बढ़ोतरी है. इसके पीछे कई कारण हैं. लोगों की बढ़ती इनकम, हाई नेट वर्थ वाले लोगों की संख्या आदि चीजें शामिल है. आजकल के खरीदार बड़े घर, बेहतरीन सुविधाएं, शानदार डिजाइन पसंद करते हैं. इसके अलावा, रियल एस्टेट अब एक पसंदीदा निवेश बन चुका है. ऐसा इसलिए भी क्योंकि लक्जरी प्रॉपर्टीज़ को लंबे समय में स्थिर निवेश के रूप में देखा जाता है. मुंबई ने इस बढ़ोतरी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. ऐसा इसलिए क्योंकि शहर ने कुल लक्जरी घरों की बिक्री का 84 फीसदी हिस्सा लिया है. मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन. भारत के सबसे फास्ट रियल एस्टेट बाजारों में से एक बना हुआ है. यहां बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार के अवसरों और जीवनशैली की बदलती प्राथमिकताओं के कारण लगातार बढ़ोतरी हो रही है.

भारत के इन 3 शहरों में खुलेंगे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

नई दिल्ली.

एनर्जी सेक्टर से जुड़ी बड़ी कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने शनिवार को भारत में तीन और मैन्युफैक्चरिंग प्लांट खोलने का ऐलान किया है. इनोग्रेशन सेशन में बोलते हुए श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सीईओ ओलिवियर ब्लम ने कहा कि कंपनी भारत में रेगुलर इंवेस्टमेंट करने का प्लान बना रही है. बता दें कि इस वक्त देश में श्नाइडर के 31 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हैं. ग्रेटर नोएडा में उद्योग निकाय इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि तीन नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट कोलकाता, हैदराबाद और अहमदनगर में बनेंगे. ब्लम ने कहा, डिजिटलाइजेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर के मॉर्डनाइजेशन, एनर्जी ट्रांजिशन और सस्टेनबिलिटी पर भारत के फोकस से बेहतर मौके बन रहे हैं. उन्होंने कहा, हम भारत के एनर्जी सेक्टर में विकास को गति देने के लिए डिजिटलाइजेशन का

लाभ उठा रहे हैं. हमारा मानना है कि डिजिटल ग्रिड, सक्षम वितरित ऊर्जा संसाधन, माइक्रोग्रिड, स्मार्ट बिल्डिंग और स्मार्ट सिटी जैसी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी अगले 25 सालों में उत्सर्जन को 75 परसेंट तक कम कर देंगी. भारत में अपनी इंडस्ट्री का दायरा बढ़ाने के लिए श्नाइडर ने पहले ही 3,200 करोड़ रुपये के इंवेस्टमेंट का ऐलान कर दिया है और और 2026 तक लगभग 1.2 मिलियन स्क्वॉयर फुट विस्तार करने का भी प्लान बनाया है. ग्लोबल लेवल पर भारत श्नाइडर का तीसरा सबसे बड़ा मार्केट है और चारों ग्लोबल हब में से एक है. ब्लम ने कहा, भारत हमारे लिए एक प्रमुख मार्केट है और रणनीतिक केंद्र भी. हम भारत के भविष्य में निवेश करने, रोजगार बढ़ाने और डेवलपमेंट में योगदान देने के लिए समर्पित हैं. इसी के साथ, श्नाइडर ने इलेक्ट्रिक और ऑटोमेशन प्रोडक्ट्स का एक बड़ा रेंज भी प्रस्तुत किया, जो भारत में एनर्जी के क्षेत्र में बदलाव को गति देगी.

इन वजहों से शेयर बाजार में उठापटक जारी

मुंबई. भारतीय शेयर बाजार इस हफ्ते कंसोलिडेशन फेस में रहा है। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में करीब आधा प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट की वजह कमजोर वैश्विक संकेत और ट्रेड वार को माना जा रहा है। लेकिन पर सवाल उठता है कि आने वाले हफ्ता बाजार के लिए कैसा रहेगा। सेंसेक्स और निफ्टी की शुरुआत इस हफ्ते सकारात्मक नोट पर हुई थी। फार्मा, मेटल और एनर्जी शेयरों में खरीदारी देखी गई थी। हालांकि, अमेरिका द्वारा नए टैरिफ की धमकी के बाद लार्जकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई। अमेरिकी राष्ट्रपति के टैरिफ धमकी ने बाजारों के संटीमेंट को खराब किया। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में खरीदारी देखी गई है और दोनों इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर करीब 2 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए हैं। बाजार में अस्थिरता ऐसे समय में आई है जब पारस्परिक टैरिफ और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर चिंताएं निवेशकों के संटीमेंट को प्रभावित कर रही हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पारस्परिक टैरिफ की घोषणा ने निर्यात से जुड़े उद्योगों, विशेष रूप से फार्मास्युटिकल क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया और सेक्टर का प्रदर्शन काफी खराब रहा।

विदेशी निवेशकों की तगड़ी बिकवाली से हिला बाजार

नई दिल्ली. भारतीय बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) लगातार अपना निवेश निकाल कर सुरक्षित बाजारों और परिसंपत्तियों की ओर जा रहे हैं, इससे उभरते बाजारों जिसमें भारत भी शामिल है भारी मात्रा में निकासी देखी जा रही है। घरेलू बाजार में 2024 में एफपीआई के प्रवाह यानी इनफ्लो (निवेश) में भारी गिरावट देखने मिली जो कि पिछले साल की तुलना में शुद्ध निवेश में 99 प्रतिशत कमी को दर्शाता है। बाजार के विशेषज्ञ मानते हैं कि जब तक वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां ठीक नहीं हो जाती हैं, तब तक भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई की निकासी जारी रहेगी। सैमको सिक्योरिटीज की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार एक फरवरी से 15 फरवरी 2025 तक के पखवाड़े के दौरान एफपीआई का निवेश सबसे कम रहा है। वहीं इसी पखवाड़े के दौरान बाजार से एफपीआई द्वारा शुद्ध निकासी 21,272 करोड़ रुपये की गई। इसमें सबसे अधिक निकासी वित्तीय सेवा क्षेत्र जिसमें 5,344 करोड़ रुपये दर्ज की गई, इसकी तुलना में निवेश की बात करें तो सबसे अधिक एफपीआई निवेश दूरसंचार क्षेत्र यानी टेलिकॉम सेक्टर में 2,337 करोड़ रुपये का किया गया। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा जारी आंकड़ों पर नजर डाले तो, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 2025 के पहले दो महीनों में भारतीय बाजारों से एक लाख करोड़ रुपये अधिक की इक्विटी निकाली है। इस साल अब तक एफपीआई द्वारा कुल निकासी 1,01737 करोड़ रुपये है, जो देश के शेयर बाजार में सबसे बड़ी पूंजी पलायन है। 17 फरवरी से 21 फरवरी के बीच एफपीआई ने 2,437.04 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

टेस्ला की एंट्री से मार्केट में बिगड़ेगी महिंद्रा की चाल?

नई दिल्ली.

17 परसेंट की गिरावट के बाद बढ़ी डी-रेटिंग

टेस्ला के भारतीय बाजारों में एंट्री की तेज होती अटकलों के बीच पिछले दो हफ्ते में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में लगभग 17 परसेंट तक की गिरावट आई है. इस पर एनालिस्ट ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, अगर हम यह मान भी लें कि टेस्ला भारत में 25 लाख रुपये से कम कीमत के ऑन रोल मॉडल को लॉन्च करती है और बाजार में अपनी हिस्सेदारी हासिल करती है. फिर भी हमारा मानना है कि महिंद्रा एंड महिंद्रा की हाल ही में की गई डी-रेटिंग से इसकी कीमत पहले से ही तय हो चुकी है. हमें नहीं लगता कि टेस्ला के आने से मारुति सुजुकी, हुंडई मोटर्स इंडिया या टाटा मोटर्स पर कोई खास असर पड़ेगा. भारत में टेस्ला की एंट्री होने की खबरों के बीच ब्रोकरेज फर्म ने तर्क दिया है कि टेस्ला के कारों की कीमत, इम्पोर्ट ड्यूटी और उपभोक्ताओं की पसंद देश की ऑटो इंडस्ट्री पर कंपनी के प्रभाव को काफी हद तक सीमित कर देगी. टेस्ला की अधिक कीमत के चलते इसकी कारें प्रीमियम सेगमेंट में आती हैं, जिससे यह अधिकतर भारतीय उपभेक्ताओं की पहुंच से बाहर है. सीएलएसए ने कहा, भारत में कारें औसतन लगभग 14,000 डॉलर की कीमत में बिकती हैं, जबकि टेस्ला के सबसे सस्ते मॉडल की ही कीमत लगभग 35,000 डॉलर है. अगर सरकार इसमें 15-20 परसेंट तक की कटोती कर भी दे.

इस वजह से होगी टेस्ला की कीमत अधिक

रिपोर्ट में कहा गया, अगर इम्पोर्ट ड्यूटी में कटौती की भी जाती है तो भी भारत में टेस्ला की ऑन-रोड कीमत अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के मुकाबले अधिक होगी. भारत के टैरिफ स्ट्रक्चर की भी वजह से भी काफी दिक्कतें होंगी. मौजूदा समय में 40,000 डॉलर से अधिक कीमत वाली कारों पर लगभग 110 परसेंट की दर से टैरिफ लगता है, जबकि इससे कम कीमत वाले वाहनों पर 60 परसेंट टैरिफ लगता है.

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123





फिल्म में अच्छे रोल दिलाने के नाम पर महिला से रेप

> 4 पर एफआईआर

मुंबई.

महाराष्ट्र पुलिस ने एक न्यूज एजेंसी को रविवार को बताया कि फिल्म में अच्छे रोल दिलाने के बहाने 34 वर्षीय महिला के साथ कई मौकों पर बलात्कार करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. इस मामले में एक अन्य महिला, उसके पति और बेटी को भी आरोपी बनाया गया है.

नकारी के अनुसार इन लोगों पर पीड़िता को धमकाने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया गया है. पीड़िता अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखती है और महाराष्ट्र के ठाणे शहर के माजीवाड़ा इलाके की निवासी है. पुलिस ने बताया कि मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है. कपूरबावड़ी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला करीब तीन साल पहले पीड़िता के संपर्क में आई थी और उसने दावा किया था कि फिल्म इंडस्ट्री में ऊंचे पदों पर बैठे लोगों से उसके संपर्क हैं.

पीड़िता को बड़ा स्टार बनाने का वादा करने के बाद महिला उसे सिंगापुर ले गई, जहां उसने एक व्यक्ति से उसका परिचय कराया. जिसके बाद व्यक्ति पीड़िता को सिंगापुर में अपने घर ले गया और उसे ड्रिंक ऑफर की. अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने वहां और मुंबई व अन्य स्थानों के होटलों में अलग-अलग मौकों पर उसके साथ रेप किया. साथ ही आरोपी महिला ने पीड़िता को उस व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक हरकत करते हुए फिल्माया और उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया. पुलिस ने बताया कि बाद में आरोपी महिला, उसके पति और उसकी बेटी ने पीड़िता को बार-बार फोन किया. साथ ही उसे धमकाया भी गया.

चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता को उसकी जाति को लेकर भी कमेंट किए. फिलहाल पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार को बलात्कार, आपराधिक धमकी और अन्य आरोपों के साथ-साथ अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की. मामले में जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी.

लड़की से हैवानों ने दो बार किया गैंगरेप

मुंबई. ठाणे के भिवंडी में एक 22 वर्षीय लड़की के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई है. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. पीड़िता के साथ 6 लोगों ने दो बार गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया. इसके बाद वह जैसे-तैसे हैवानों के चंगुल से भाग निकली और पुलिस में केस दर्ज कराया. पीड़िता अपने भाई को बचाने के लिए गई थी, जहां उसके साथ इन लोगों ने दुष्कर्म किया. पीड़िता को उसके भाई ने कॉल करके बुलाया था कि वह किसी मुसीबत में है. तभी पीड़िता रिक्शा में बैठकर अपने भाई को बचाने के लिए चली गई. वहां पहले 6 लोगों ने पीड़िता, उसके भाई और रिक्शा चालक के साथ मारपीट की और फिर दुष्कर्म किया. ये मामला भिवंडी के बाघे फिरदौस इलाके से सामने आया है, जहां रहने वाली एक युवती को उसके भाई के साथ अगवा कर लिया और फिर नागांव इलाके में झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया. पीड़िता के साथ एक नहीं बल्कि दो बार गैंगरेप किया गया. पहले झाड़ियों में उसके साथ दुष्कर्म किया गया और फिर उसे किडनैप कर लिया गया. इसके बाद फातिमा नगर इलाके ले जाकर पिकअप बोलेरो में भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया गया.

मां ने अपनी बेटी की हत्या कर दी

मुंबई. सटे नालासोपारा में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है. यहां एक कुंवारी बेटी के गर्भवती होने पर मां ने उसकी हत्या कर दी. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने की जांच में सामने आया है कि इस हत्या की घटना को अंजाम के लिए छोटी बहन ने मदद की थी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था. जिससे इस पूरे मामले को खुलासा हो पाया. लड़की गर्भवती है. ये पता चलते ही मां ने गुस्से में आकर अपनी बड़ी बेटी अस्मिता दुबे (20) की गाला घोंटकर हत्या कर दी. पुलिस को लड़की की मां ने फोन करके बताया कि उनकी बेटी ने खुदखुशी कर ली है. मामले की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उन्होंने तुरंत शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने जे जे हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इसके बाद पुलिस ने मामले में एक्सीडेंटल डेथ का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी. पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि मृतक की मां के हाथ

सूजे हुए थे. साथ ही हाथ पर काटने के निशान भी थे थे.

पुलिस को युवती की हत्या का संदेह हुआ. पुलिस मामले में जांच कर ही रही थी कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई. रिपोर्ट में पता चला कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है. हत्यारोपी ममता दुबे (43) अपनी 2 बेटी और पति के साथ नालासोपारा के पश्चिम यशवंत गौरव फेज की विजय नगर में रहती थी.

पति गांव गए हुए थे. इसी बीच मां को जैसे ही पता चला की बड़ी बेटी गर्भवती है उसने गुस्से में आकर अपनी बेटी का गाला दबा कर हत्या कर डाली. पुलिस ने की जांच में सामने आया है कि इस हत्या को अंजाम देने के लिए छोटी बेटे ने उसका साथ दिया था. मां जब गला दबा रहीथी. इस दौरान छोटी बेटी ने पैर पकड़े हुए थे. हत्या का खुलासा होते ही पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है.

महिलाओं के आभूषण चुरानेवाले गिरफ्तार

मुंबई. महाराष्ट्र के ठाणे जिले और पड़ोसी मुंबई में कई महिलाओं के आभूषण चुराने के आरोप में पुलिस ने अहमदाबाद से दो लोगों को गिरफ्तार किया है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. जिसके अनुसार यह अपराध तब प्रकाश में आया जब पुलिस 4 फरवरी को यहां भयंदर इलाके में 60 वर्षीय महिला के आभूषण चोरी होने के मामले की जांच कर रही थी. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविराज कुर्हाड़े ने बताया कि महिला भयंदर रेलवे स्टेशन से घर जा रही थी, तभी आरोपी ने उसे बीच रास्ते में पकड़ लिया. इसके बाद बातों में उलझाकर 80000 रुपये मूल्य के आभूषण चुरा लिए. इसके बाद नवघर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की. अधिकारी ने बताया कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य लोगों की मदद से सुरागों पर काम करने के बाद पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी गुजरात के अहमदाबाद के रहने वाले हैं.

झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

ठाणे.

महाराष्ट्र के ठाणे में 34 वर्षीय एक महिला को फिल्म उद्योग में काम दिलाने के बहाने उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मामले में एक अन्य महिला, उसके पति और उसकी बेटी को भी पीड़िता को धमकाने और ब्लैकमेल करने का आरोपी बनाया गया है। पीड़िता अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखती है और ठाणे शहर के माझीवाड़ा इलाके की रहने वाली है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। कपूरबावड़ी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला की पीड़िता से करीब तीन साल पहले मुलाकात हुई थी। उसने दावा किया कि उसके फिल्म उद्योग में ऊंचे पदों पर बैठे लोगों से संपर्क हैं।

इस महिला ने पीड़िता को बड़ी अभिनेत्री बनाने का वादा किया और उसे सिंगापुर ले गई जहां उसने पीड़िता को एक व्यक्ति से मिलवाया। एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद उस व्यक्ति ने पीड़िता को सिंगापुर में अपने घर बुलाया, उसे शराब पिलाई और वहां उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। उसने मुंबई और अन्य स्थानों के होटलों में भी उसके साथ कई बार कथित तौर पर दुष्कर्म को अंजाम दिया।

उन्होंने बताया कि आरोपी महिला ने पीड़िता का उस व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक स्थिति में वीडियो बना लिया और उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला, उसके पति और उसकी बेटी ने पीड़िता को बार-बार फोन करके धमकाना शुरू कर दिया और उसे गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, आपराधिक धमकी और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विचाराधीन कैदी का अदालत में पुलिसकर्मियों पर हमला

ठाणे. कई बार लोग अपने गुस्से को कंट्रोल नहीं कर पाते। गुस्से में आकर क्या-क्या कर जाते हैं, लेकिन बाद में पछताते हैं। फिर भी गुस्सा कहां निकालना है, वो जगह पता हो। अन्यथा पछतावा भी नहीं कर पाते। कुछ ऐसा ही ठाणे में एक विचाराधीन कैदी के साथ हुआ। अब वो और भी बुरा फंस गया। शायद कानून के रास्ते जाता तो बच सकता था।

दरअसल, महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत में सुरक्षाकर्मियों के एक दल के साथ दुर्व्यवहार करने और उस पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक विचाराधीन कैदी और उसके परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। शांति नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि यह घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब आरोपी समेत विचाराधीन कैदियों के एक समूह को सुनवाई के लिए आधारवाड़ी जेल से भिवंडी की एक अदालत में लाया गया था। अदालती कार्यवाही के बाद जब विचाराधीन कैदियों को वापस जेल ले जाया जा रहा था तो आरोपी ने शौचालय जाने

की अनुमति मांगी।

पुलिस ने उसे शौचालय जाने की अनुमति तो दे दी, लेकिन उसे दरवाज़ा खुला रखने और उसे अंदर से बंद न करने का निर्देश दिया, जिससे आरोपी भड़क उठा और उसने पुलिसकर्मियों को अपशब्द कहे। जब आरोपी को पुलिस वैन की ओर ले जाया जा रहा था तो आरोपी ने पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर फिर अपशब्द कहे और वहां मौजूद अपने परिवार के सदस्यों को उन पर हमला करने को कहा।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पत्नी, बहन और एक अन्य पुरुष रिश्तेदार ने पुलिसकर्मियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की। पुलिस में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, पुलिस के वाहन में बैठते समय आरोपी ने एक महिला कांस्टेबल के खिलाफ कथित तौर पर अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया और अनुचित व्यवहार किया।

आरोपी और उसके परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी अब भी जेल में है। वहीं, घटना के सिलसिले में उसके परिवार के सदस्यों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। प्राथमिकी में यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि आरोपी को पहले किन आरोपों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

घरेलू हिंसा में पति और ससुर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

मुंबई.

ठाणे की एक अदालत ने घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न के मामले में एक महिला के पति और ससुर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। हालांकि आरोपियों के चार रिश्तेदारों को अग्रिम जमानत दे दी गई। एक महिला ने तीन फरवरी को ठाणे के चितलसर-मनपाड़ा पुलिस स्टेशन में उत्पीड़न मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने कहा था कि उसके ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान किया। उसने आरोप लगाया कि उसे गर्भपात कराने के लिए एक आयुर्वेदिक दवा दी गई थी। उसने पति पर विवाहेतर संबंध रखने का भी आरोप लगाया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जीजी भंसाली ने सुनवाई के दौरान महिला के पति और ससुर की गिरफ्तारी से पहले की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। उनके चार अन्य परिवार के सदस्यों को जमानत दे दी। क्योंकि उनके खिलाफ सबूत नहीं थे।

भारी विरोध के बीच तोड़ा गेट और दीवार

> दरगाह प्रबंधन का दावा-सुरक्षित है कब्र

मुंबई. महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक अवैध दरगाह को लेकर स्थिति तनावपूर्ण बन गई है. हिंदू संगठनों का कहना है कि यह दरगाह अवैध रूप से बनाई गई है और इसे तोड़कर यहां बजरंग बली का मंदिर स्थापित किया जाए. विरोध प्रदर्शन के बाद दरगाह के एक दीवार और गेट को नासिक नगर निगम ने मशीन और कुछ मजदूरों की मदद से हटा दिया. कार्रवाई के दौरान एहतियात के तौर पर दरगाह के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था.

दरगाह के मुलाजिम और मौलाना का कहना है कि दरगाह में कब्र और उससे जुड़ी दीवार महफूज है. केवल अतिरिक्त गेट को हटाया गया है. यह विवाद नासिक के उस दरगाह से जुड़ा हुआ है, जहां हिंदू संगठन आरोप लगा रहे हैं कि मुसलमानों ने इस स्थान पर अवैध कब्जा कर दरगाह बना दिया है. उनका कहना है कि यह जमीन अवैध तरीके से ली गई है और इसे तुरंत खाली किया जाना चाहिए. हिंदू संगठनों ने दरगाह को हटाकर यहां बजरंग बली का मंदिर बनाने की मांग की है. दरगाह के एक दीवार और गेट को हटाने के दौरान विरोध प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए पुलिस ने इलाके में भारी सुरक्षा इंतजाम किए हैं और पूरे क्षेत्र को सील कर दिया है. पुलिस ने स्थानीय लोगों से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की है और उन्हें सतर्क रहने के लिए कहा है. पुलिस की कार्रवाई के बावजूद विरोध प्रदर्शन की संभावना बनी हुई है, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो सकती है.

महाराष्ट्र के पुणे में नई उठापठक की अटकलें

मुंबई. कर्नाटक में एक बस पर हमले के बाद महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शनिवार को कर्नाटक जाने वाली राज्य परिवहन बसों को रोकने का आदेश दिया। सरनाईक ने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस पर हमला हुआ था। यह बस बेंगलुरु से मुंबई जा रही थी। इसी दौरान शुक्रवार रात कर्नाटक के चित्रदुर्ग में कन्नड़ समर्थकों ने हमला किया। हमलावरों

ने बस ड्राइवर भास्कर जाधव का चेहरा काला कर दिया और उनके साथ मारपीट भी की। कर्नाटक सरकार ने अब बड़ा फैसला लिया है।

सरनाईक ने कहा कि कर्नाटक सरकार जब तक इस मामले पर अपना रुख़ साफ़ नहीं करती, तब तक बस सेवाएं फिर से शुरू नहीं होंगी। यह घटना चिंताजनक है और दोनों राज्यों के बीच तनाव बढ़ा सकती है। सरकारों को जल्द से जल्द इस मुद्दे का समाधान निकालना चाहिए ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। यह हमला ऐसे वक्त पर हुआ है जब महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री बनने के बाद कुछ दिन पहले ही प्रताप सरनाइक कर्नाटक के दौरे पर गए थे। वहां उन्होंने कर्नाटक रोडवेज के काम करने के तौर तरीकों का अध्ययन किया था।

महाराष्ट्र की बस पर कर्नाटक में हमले के पीछे भाषा विवाद को जिम्मेदार माना जा रहा है। चित्रदुर्ग में कन्नड़ समर्थकों के हमले के बाद महाराष्ट्र से सटे बेलगावी में कर्नाटक की बस के कंडक्टर को निशाना बनाया था। हमले में घायल हुए कंडक्टर को बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

प्रीतम चक्रवर्ती के ऑफिस से 40 लाख रुपये की हुई चोरी

मुंबई. फिल्म इंडस्ट्री के फेमस संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती के गोरेगांव स्थित ऑफिस से 40 लाख रुपये नगद चोरी हुए। पुलिस ने आरोपी ऑफिस असिस्टेंट आशीष सायल को जम्मू से गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना इसी महीने की शुरुआत में हुई थी। मलाड पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आरोपी को पकड़ा है। चोरी की 90 फीसदी से ज्यादा रकम को बरामद भी कर लिया गया है।

आशीष सायल प्रीतम के ऑफिस में असिस्टेंट का काम करता था। चोरी के बाद वह 10 घंटे तक पश्चिमी उपनगरों में घूमता रहा। उसने चोरी के सारे पैसे हवाला के जरिए चंडीगढ़ भेज दिए। इसके बाद वो खुद भी फ्लाइट से चंडीगढ़ चला गया। पुलिस ने अब तक 34 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। साथ ही, सायल ने चोरी के पैसों से एक आईफोन भी खरीदा था, जिसकी कीमत 2.8 लाख रुपये है, वो भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। प्रीतम चक्रवर्ती को एक फिल्म प्रोड्यूसर ने काम के लिए 40 लाख रुपये दिए थे। उनके मैनेजर ने ये पैसे एक बैग में रखकर ऑफिस में रख दिए थे। 4 फरवरी की रात करीब साढ़े दस बजे, सायल वो बैग लेकर गायब हो गया। सायल पिछले सात सालों से प्रीतम के लिए काम कर रहा था, इसलिए संगीतकार ने पुलिस में शिकायत करने से पहले एक दिन इंतज़ार करने का फैसला किया। उन्हें उम्मीद थी कि सायल वापस आ जाएगा।

महिलाओं को फरवरी की 8वीं किस्त का है बेसब्री से इंतजार

मुंबई. महाराष्ट्र सरकार की ओर से महिलाओं के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहना योजना पूरे राज्य में सुपरहिट हो गई है। विधानसभा चुनाव के दौरान यह योजना गेम चेंजर बन गई और सरकार को बड़ी सफलता मिली। राज्य सरकार ने अब तक प्रदेश की 21 से 65 वर्ष आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के तहत 7 किस्तें वितरित की जा चुकी हैं। इस दौरान पात्र महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने दिए गए। अब जब सभी लाडली बहनें इस बात को लेकर उत्सुक हैं कि फरवरी की 8वीं किस्त कब रिलीज होगी? तो आइए सबसे बड़ी खबर पर विस्तार से नजर डालते हैं।

मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के तहत पात्र महिलाओं के बैंक खातों में अब तक कुल सात किस्तें जमा की जा चुकी हैं। अब महिला लाभार्थियों को फरवरी की आठवीं किस्त का इंतजार है। चूंकि आवेदन का सत्यापन किया जाएगा, इसलिए उनके मन में यह डर है कि आठवें महीने में पैसा आएगा या नहीं। दरअसल जिन महिलाओं ने नियमों से हटकर इस योजना का लाभ उठाया है, उन्हें इस योजना से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। लाडली बहना योजना की फरवरी महीने की आठवीं किस्त 24 फरवरी से सभी पात्र लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में जमा होनी शुरू हो जाएगी। बताया गया है कि वित्त मंत्री अजीत पवार ने इसके लिए संबंधित विभाग को पैसा ट्रांसफर कर दिया है।

लाडली बहना योजना पर सरकार की सख्ती

महाराष्ट्र सरकार ने अब मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना के लिए कुछ मापदंड लागू किए हैं। सरकार अब इसके लिए कुछ सख्त कदम उठाने जा रही है। इसलिए ये नए मापदंड लागू किए जाएंगे ताकि सभी पात्र और जरूरतमंद महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकें। लाडली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को अब हर साल जून में बैंक जाकर ई-केवाईसी कराकर प्रमाण पत्र लेना होगा।

आज का राशिफल

मेष- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें।

वृषभ -आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं

मिथुन -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी।

कर्क -आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें।

सिंह -आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं।

कन्या- आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा।

तुला -आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए।

वृश्चिक- आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा । सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है,

धनु- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

मकर- आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

कुंभ- आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा

मीन -आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा।

फडणवीस ने मंत्रियों पर कसी नकेल

पुणे.

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे इन दिनों बार-बार तांगा पलट देने का अल्टीमेटम दे रहे हैं। यह बयान ऐसे समय में दिया जा रहा है जब शिंदे और सीएम देवेंद्र फडणवीस के बीच कोल्ड वॉर की चर्चा जोरों पर है। इसी बीच शिंदे ने शनिवार को तड़के 4 बजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ पुणे में मुलाक़ात की। सूत्रों के मुताबिक यह मुलाकात पुणे के वेस्ट इन होटल में हुई।

अमित शाह के शनिवार को पुणे में कई कार्यक्रम थे। इसमें भाग लेने के लिए वे शुक्रवार की देर रात वहां पहुंचे थे। इस मुलाक़ात को लेकर कई तरह की चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि जिस तरह से शिंदे ने नागपुर में खुले तौर से कहा कि कोई उन्हें हल्के में लेने की

कोशिश न करे, नहीं तो वे तांगा पलट देंगे, डिप्टी सीएम शिंदे को महायुति का तांगा काबू में रखने की नसीहत दी गई है। इस लिहाज से शाह और शिंदे की मुलाक़ात को अहम माना जा रहा है। महायुति में नाराज चल रहे शिंदे ने केंद्रीय मंत्री शाह को अपना दर्द बताया। ऐसी रिपोर्ट है कि फडणवीस ने सीएम की कुर्सी संभालते हुए कई चीजों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसमें शिंदे के कार्यकाल में टेंडर को लेकर लिए गए फैसलों के अलावा विधायकों की सुरक्षा में कटौती व पालक मंत्री पद पर अपने नेताओं को बैठाने का फैसला शामिल है। साथ ही मंत्रालय में आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए फेस डिटेक्शन मशीन भी इंस्टाल की गई है। इन तमाम वजहों से शिंदे नाराज बताए जा रहे हैं

शाह ने शिंदे को समझाया कि वे सीएम फडणवीस के साथ समन्वय से काम करें और विवादित बयान देने से बचें। उन्होंने रायगढ़ व नाशिक के पालक मंत्री पद को लेकर उपजे विवाद को भी सुलझाने का आश्वासन दिया। शिंदे गुट रायगढ़ व नासिक के पालक मंत्री का पद अपने पास रखना चाहता है। इससे पहले रायगढ़ के पालक मंत्री पद के लिए अजित गुट की अदिति तटकरे व नाशिक के लिए बीजेपी के गिरीश महाजन का नाम फाइनल किया गया था।

राकां अध्यक्ष शरद पवार ने शिंदे का सम्मान किया था

महायुति सरकार में नाराज़ चल रहे डीसीएम शिंदे की वजह से बीजेपी का सिरदर्द बढ़ गया है। हाल ही में राकां अध्यक्ष शरद पवार ने शिंदे का सम्मान किया था। इस वजह से भी बीजेपी सजग हो गई है। उन्हें लग रहा है कि फडणवीस व शिंदे के बीच चल रहे कोल्ड वॉर का फायदा उठाकर कहीं पवार अपनी कॉफी न गर्म कर लें। यही वजह है कि अब फडणवीस-शिंदे के कोल्ड वॉर को खत्म करने के लिए खुद शाह फ्रंट फुट पर आ गए हैं।

PUBLIC NOTICE

Pro. No. 1729 Dt. 18/02/25

IN THE COURT OF 4th JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 404

M.J.C. Case No. 131/2025

Fixed For 10/03/2025

Applicant : 1) Asmita Sanjay Borkar, 2) Vaibhav Sanjay Borkar, 3) Arya Sanjay Borkar.

--Versus-- Non-Applicants: Nil

Name of Deceased: 1) Sanjay Gunderao Borkar, Died On: 24/08/2016, R/o Plot No. A59,Saroj Nagar, Hajari Pahad, Nagpur- 440007.

Whereas **Sanjay Gunderao Borkar, Died On: 24/08/2016,** R/o Plot No. A59,Saroj Nagar, Hajari Pahad, Nagpur-440007 and Whereas **Asmita Sanjay Borkar & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Asmita Sanjay Borkar & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **4th Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **10th Day of March, 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that **18th day of Feb., 2025.**

Seal

By order of the Court
Asstt. Supdt. (T.W.)
Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622

PUBLIC NOTICE

Pro. No. 1714 Dt. 18/02/25

IN THE COURT OF 5th JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 417

M.J.C. Case No. 99/2025

Fixed For 20/03/2025

Applicant : 1) Sulekha Surinderlal Bhandari. --Versus--

Non-Applicants: Nil

Name of Deceased: 1) Tarun Surinderlal Bhandari, Died On: 11/11/2024, R/o Plot No. 401,Nirmal Empire, 4-Krishna Vihar Society, Manish Nagar, Somalwada, Vivekanand Nagar, Nagpur-440015.

Whereas **Tarun Surinderlal Bhandari, Died On: 11/11/2024,** R/o Plot No. 401,Nirmal Empire, 4-Krishna Vihar Society, Manish Nagar, Somalwada, Vivekanand Nagar, Nagpur- 440015. and Whereas **Sulekha Surinderlal Bhandari** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Sulekha Surinderlal Bhandari** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **5th Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **20th Day of March, 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that **18th day of Feb., 2025.**

Seal

By order of the Court
Asstt. Supdt. (T.W.)
Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622

सुविचार

जीवन में वाणी को संयम में रखे
क्योंकि वाणी से दिए हुए घाव कभी भरे नहीं जाते।

संपादकीय

अभिव्यक्ति की आजादी

❍ यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की एक अभद्र टिप्पणी से पैदा हुए विवाद के मद्देनजर केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को ओटीटी प्लैटफॉर्म्स के लिए जारी की गई अडवाइजरी ने स्वाभाविक ही सबका ध्यान खींचा है। हालांकि, सरकार इस मामले में अपनी तरफ से काफी संयम बरतती हुई दिखी है और उसके ताजा कदम को मुख्यतया सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख से जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन यह कदम भी कई सवालों को जन्म दे रहा है। भारत जैसे पारिवारिक मूल्यों वाले समाज में ऐसी संवेदनहीन टिप्पणी सामने आने पर विवाद खड़ा हो जाना अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। उसके बाद कई राज्यों में दर्ज हुई FIR को भी कुछ हद तक इन विवादों का स्वाभाविक परिणाम माना जा सकता है। लेकिन इस एक शो में हुई टिप्पणी के आधार पर अभिव्यक्ति की आजादी जैसे अहम मसले को बहस के दायरे में ले आना कितना उचित है और कितना आवश्यक, यह जरूर देखने वाली बात होगी। संभवत: इसीलिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के मद्देनजर ओटीटी प्लैटफॉर्म्स के लिए अडवाइजरी जरूर जारी की, लेकिन इसमें सभी संबंधित कानूनों के मौजूदा प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की सलाह तक सीमित रही। इस बाबत किसी तरह की चूक होने पर भी वह स्वनियामक प्रणाली के इस्तेमाल को प्राथमिकता देती दिख रही है। यह बात ध्यान देने की है कि अपने देश की न्यायपालिका नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर शुरू से संवेदनशील रही है। सत्तर के दशक के मध्य में लागू हुई इमर्जेंसी की छोटी सी अवधि को छोड़ दें तो जब भी इस अधिकार को बाधित या सीमित करने की जानी-अनजानी कोशिश हुई, सुप्रीम कोर्ट इसके बचाव में खुलकर सामने आया। इसलिए इस मान्यता को लेकर सर्वसम्मति सी बनी रही कि संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत मिली अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं भी संविधान के ही अनुच्छेद 19 (2) ने तय कर दी है। इन सीमाओं का विस्तार करने का कोई भी बहाना उचित नहीं माना जाएगा। रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े मौजूदा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी से राहत जरूर दी, लेकिन न केवल इन टिप्पणियों पर सख्त नाराजगी दिखाई बल्कि इन यूट्यूबर्स के कोई भी विडियो अपलोड करने या शो करने पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी। सवाल है कि क्या इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में शीर्ष अदालत अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे को पुनर्परिभाषित करने की जरूरत महसूस कर रही है। आने वाले दिनों में कोर्ट का रुख देखकर ही इस बारे में कोई अंतिम राय बनाई जा सकेगी।

फ़िलिस्तीन का इतिहास: न उनकी हार नई है, न अपनी जीत नई

डॉ.सलीम ख़ान, मुंबई

❍ इसराइल के अंदर आयोजित होनेवाले विभिन्न चुनावों के मौक़े पर अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए न केवल वामपन्थियों के उग्रवादियों ने, बल्कि दक्षिणपन्थियों की राजनैतिक पार्टियों ने भी ग़ज़्ज़ा को अपना प्रयोग स्थल बनाया। 2008, 2012, 2014 और 2021 में इज़्राईल ने चार बार जंग छेड़कर ग़ज़्ज़ा में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई। इन जंगों में हज़ारों फ़िलस्तीनी मारे गए, जिनमें ज़्यादातर बच्चे और महिलाएँ थीं। इन हमलों में हज़ारों घर, मदरसे और कार्यालय तथा इमारतें तबाह हुईं। लोकतंत्रवादी रौशन ख़याल इसराइल ने अपने हमलों में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निषिद्ध हथियार मसलन फ़ास्फ़ोरस गैस तक का इस्तेमाल करने से गुरेज़ नहीं किया। हालिया जंग को भी नेतन्याहू की सत्ता को बचाने की ख़ातिर लम्बा खींचा गया। इस दौरान 'हमास' ने अपनी फ़ौजी ताक़त बढ़ाई और जब ट्रम्प के नेतृत्व में दिसंबर 2017 के अंदर अमेरिका ने यरूशलम को इसराइल की राजधानी स्वीकार करके अमेरिकी दूतावास को तेल अवीव से वहाँ स्थानान्तरित करने का एलान किया तो फ़िलस्तीनियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

❍ नेतन्याहू की उपस्थिति में प्रस्तुत की गई ट्रम्प की कुत्सित योजना वास्तव में ग़ज़्ज़ा में दोनों की संयुक्त हार को स्वीकार करना है। इन दोनों ने सारी दुनिया के सामने परोक्ष रूप से यह स्वीकार कर लिया कि लाख तबाही और बरबादी के बावजूद न तो बलपूर्वक ग़ज़्ज़ा पर क़ब्ज़ा किया जा सकता है और न वहाँ की बहादुर जनता को पलायन पर मजबूर करना सम्भव हुआ। इस हक़ीक़त का एहसास उस बदमाश जोड़ी को पन्द्रह महीनों की जंग में करारी हार के बाद हुआ। इसलिए अब वे दोनों चोर दरवाज़े से अपने नापाक इरादों को पूरा करने के लिए साज़िश रच रहे हैं, मगर यहाँ भी उन्हें पहले की तरह नाकामी का मुँह देखना पड़ेगा। ग़ज़्ज़ा की पट्टी में फ़िलस्तीन और इसराइल के बीच लड़ी जानेवाली हालिया जंग का आरम्भ 7 अक्तूबर 2023 के हमले से हुआ। इस बीच 24 नवंबर 2023 को अस्थायी जंगबंदी के तहत कुछ बन्धकों की रिहाई हुई और इंसानी सहायता पहुँची, मगर फिर से दोबारा हमले शुरू हो गए। इसराइल और 'हमास' के दरमियान दूसरा जंगबंदी समझौता 15 जनवरी 2025 को तय पाया और उसका पहला मरहला तमाम-तर आशंकाओं के बावजूद अभी जारी है और उसे अतीत के परिप्रेक्ष्य में देखने की ज़रूरत है; क्योंकि बक़ौल अल्लामा इक़बाल- यादे-अहदे-रफ़्ता मेरी ख़ाक को अक्सीर है, मेरा माज़ी मेरे इस्तिक़बाल की तफ़सीर है ट्रम्प ने अपने प्रस्ताव से मध्य-पूर्व में अपने सबसे बड़े गठबन्धन मित्र मिस्र को दिग्भ्रमित कर दिया है। पिछले दिनों सहयूनी (यहूदी) मीडिया ने ख़बर दी कि इसराइल हुकूमत मिस्र के अल-आली डैम पर हमला कर सकती है और इस डैम के टूटने से आनेवाला सैलाब मिस्र के 'अल-अक़्सर' और 'इसवान' नामक इलाक़ों को अपनी लपेट में ले-लेगा और नील नदी के साहिल पर स्थित सैन्य अड्डे और औद्योगिक कारख़ाने तबाह हो जाएँगे। यह सैलाब का पानी क़ाहिरा तक पहुँचकर जीवन निष्क्रय कर देगा और 17 लाख लोग मर सकते हैं। और सचेत न करने पर यह तादाद एक करोड़ तक जा सकती है। इसके जवाब में मिस्र के एम.पी. मुस्तफ़ा बकरी ने कहा है कि अगर इसराइल ने ऐसा कोई इक़दाम किया तो मिस्री दूसरे दिन तेल अवीव में होंगे। उन्होंने ख़बरदार किया है कि कोई मिस्र के क़रीब भी आया तो उसके पैर काट दिए जाएँगे। मुस्तफ़ा बकरी बोले, "तुम मिस्रियों को नहीं जानते और याद दिलाया कि अपने फ़ौजियों को देखो कि 'हमास' और फ़िलस्तीनी मुजाहिदीन ने उन्हें किस अंजाम से दो-चार किया है।

इससे ग़ज़्ज़ा के संघर्ष ने नींद में डूबी मिस्री हुकूमत को भी जगा दिया है। मिस्र के मंत्री का लबो-लहजा गवाह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प के ग़ज़्ज़ा पर क़ब्ज़े के हवाले से प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव तो टांय-टांय फ़िश हो गए। इसके ख़िलाफ़ अमेरिका के सबसे निकट मित्र मुस्लिम देशों ने ऐसी मुहिम चलाई कि ट्रम्प के होश उड़ गए। मुस्लिम देशों ने मिस्र की अध्यक्षता में ग़ज़्ज़ा के पुनर्वास की बाबत कहा कि वे ख़ुद ही यह काम अंजाम देंगे। मिस्री प्रस्ताव पर 21 फ़रवरी को फ़िलस्तीनी अथार्टी सहित सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, क़तर, जॉर्डन के अलावा खाड़ी सहयोगी परिषद (जीसीसी) के छः सदस्य देश ग़ौर करेंगे। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि ग़ज़्ज़ा के नवनिर्माण पर 53 अरब डॉलर से अधिक लागत आएगी, जबकि आरम्भिक तीन वर्षों के दौरान 20 अरब डॉलर से अधिक की ज़रूरत होगी। इस शहर को दोबारा आबाद करने में 5 साल का लम्बा समय लगेगा। इसके तहत मिस्र इसराइल हमलों से बचने के लिए सुरक्षित जगह (बंकर) का भी निर्माण करेगा। इसके अलावा मोबाइल घर और पनाहगाहें भी निर्मित की जाएँगी। निर्माण कार्य के साथ लोगों को रोज़गार और नौकरी उपलब्ध करने के प्रयास में मुस्लिम देश शामिल होंगे। आरम्भिक विवरण तय होने के बाद मिस्र एक अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन करेगा। यह अधिवेशन कई दशकों में फ़िलस्तीन समस्या और अधिक व्यापक अरब दुनिया के लिए 'सबसे अधिक प्रभावशाली' साबित हो सकता है।

यह सब अमेरिकी राष्ट्रपति दोनल्ड ट्रम्प के द्वारा ग़ज़्ज़ा के लोगों को मिस्र और जॉर्डन में आबाद करके ख़ाली ज़मीन को अमेरिका के हवाले करने के प्रस्ताव के जवाब में किया जा रहा है। ट्रम्प ने ग़ज़्ज़ा को एक पर्यटन स्थल बनाकर सैर-सपाटे उपलब्ध करने का सपना देखा था, जिसे फ़िलस्तीन ने मूर्खतापूर्ण क़रार देकर रद्द किया, मगर अक़्ल से पैदल इज़्राईल ने उसका स्वागत कर दिया। इज़्राईल ने आगे बढ़कर ग़ज़्ज़ा के लोगों को दूसरे देश में प्रस्थान करने की ख़ातिर सहायता राशि का भी प्रस्ताव दिया, मगर इन सपनों ने इसराइल और अमेरिका की बेइज़्ज़ती में बहुत अधिक वृद्धि ही की। वे दोनों अगर फ़िलस्तीन के इतिहास से अवगत होते तो ऐसी मूर्खतापूर्ण बात कभी न करते जो अपमानित होकर वापस लेनी पड़े। ग़ज़्ज़ा का इतिहास वैसे तो पाँच हज़ार साल पुराना है, मगर निकट अतीत का जायज़ा लें तो मालूम होता है कि 1949 से लेकर अब तक यह नन्हा-सा इलाक़ा लगभग 15 बार मैदाने-जंग में लड़ चुका है।1950 में ग़ज़्ज़ा के अंदर मिस्र का वर्चस्व क़ायम हुआ। उसी ज़माने में पश्चिमी किनारे को जॉर्डन के प्रशासन में दे दिया गया। फ़िलस्तीन की भूमि के आज़ादी-पसंद हमेशा इसराइल आक्रामकता से लड़ते रहे, मगर स्वतंत्रता आन्दोलन का आरम्भ विधिवत रूप से 1964 में उस वक़्त हुआ जब आज़ादी के मतवालों ने फ़िलस्तीन लिबरेशन आर्गनाइज़ेशन (पीएलओ) क़ायम किया और एक साल बाद पश्चिमी किनारे में 'अल-फ़तह' नामक राजनैतिक पार्टी की बुनियाद भी रख दी गई।

इस आन्दोलन को अभी तीन वर्ष भी नहीं गुज़रे थे कि 5 जून 1967 को इसराइल और अरब फ़ौजों के दरमियान जंग छिड़ गई। अरबी गठबन्धन को 6 दिवसीय जंग में पराजति करके इसराइल ने ग़ज़्ज़ा की पट्टी, पश्चिमी किनारे, पूर्वी यरूशलम, सीरिया में गोलान की पहाड़ियों और मिस्री प्रायद्वीप सेनाई सहित शेष फ़िलस्तीन पर क़ब्ज़ा कर लिया। 2018 में ग़ज़्ज़ा और इसराइल सीमा पर प्रदर्शनकारियों ने पथराव और पेट्रोल बम फेंके तो उसके जवाब में इसराइल फ़ौजी कार्रवाई करने लगा। उसी वर्ष नवंबर में इज़्राईल ने ग़ज़्ज़ा में ख़ुफ़िया हमला करके 8 फ़िलस्तीनी लड़कों को शहीद कर दिया तो जवाब में इसराइल का भी एक सीनियर फ़ौजी कर्मचारी मार दिया गया। उसके बाद जब इसराइल पर 'हमास' ने सैंकड़ों राकेट दाग़ दिए तो इस हमले से सहयूनियों के होश उड़ गए। इसराइल ने मई 2021 तक किसी तरह ख़ुद को क़ाबू में रखा, मगर फिर मस्जिदे-अक़्सा पर छापा मारा तो उसके जवाब में भी 'हमास' ने फिर से विरोध प्रदर्शन हेतु हज़ारों राकेट दाग़कर यह सन्देश दिया कि अब यह जंग एकतरफ़ा नहीं होगी। 'हमास' अब इसराइल के ख़िलाफ़ केवल प्रतिरोध में नहीं, बल्कि आगे बढ़कर हमला करने की पोज़ीशन में आ गई है। 22 मार्च से 8 अप्रैल 2022 के दरमियान फ़लस्तीनियों की तरफ़ से इसराइल में किए गए हमलों में 14 इसराइल हलाक हुए। इसके जवाब में इसराइल ने मग़रिबी साहिल पर 'ब्रेक दी वेव' नामक फ़ौजी ऑप्रेशन के तहत 2022 में 146 फ़िलस्तीनी शहीद किए। 7 अक्तूबर 2023 के हमले को इस ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखने की ज़रूरत है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र के सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस ने भी कहा था कि यह हमला शून्य में नहीं हुआ है। पहले तो 'हमास' की ओर से मिज़ाईल आकर ईसराईलियों को बंकर में छिपने पर मजबूर करते थे, मगर इस बार मुजाहिदीन ने इसराइल में दाख़िल होकर एक फ़ौजी छावनी को निशाना बनाया। इस प्रतिरोध में कम-से-कम 1,139 इसराइल हलाक हुए और 251 को बन्धक बना लिया गया। 'हमास' की इस साहसपूर्ण कार्रवाई ने इसराइल सहित उसके सारे गठबन्धन मित्रों को चकित कर दिया और उन लोगों ने मिल-जुलकर पंद्रह माह तक ऐसी तबाही मचाई कि अब ग़ज़्ज़ा के नवनिर्माण में लगभग 15 वर्ष लगेंगे। इस जंगबंदी के दौरान असाधारण दृढ़ता का प्रदर्शन करनेवाले लाखों फ़िलस्तीनी जब उत्तरी ग़ज़्ज़ा में अपने तबाह हो चुके घरों को वापस हो रहे थे, तो अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति दोनल्ड ट्रम्प ने इन पीड़ित मगर हौसलामंद फ़िलस्तीनियों के बलपूर्वक पलायन का शर्मनाक बयान दे दिया, लेकिन अब यह इतना आसान नहीं है। डोनल्ड ट्रम्प अगर फ़िलस्तीनियों के उस उज्ज्वल अतीत से परिचित होते तो यह मूर्खतापूर्ण प्रस्ताव पेश नहीं करते, जिसने उन्हें अमेरिका सहित दुनिया-भर में अपमानित और बदनाम कर दिया। फ़िलस्तीनियों का हालिया इतिहास फ़ैज़ के इन अशआर की तरह है. यूँ ही हमेशा उलझती रही है ज़ुल्म से ख़ल्क़ न उनकी रस्म नई है, न अपनी रीत नई यूँ ही हमेशा खिलाए हैं हमने आग में फूल न उनकी हार नई है, न अपनी जीत नई. (अनुवादक: गुलज़ार सहराई).

दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपये देने की योजना... बस बात यहीं अटक गई!

❒ अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों के तेवर तो विपक्षी नेताओं जैसे तब भी थे जब दिल्ली आम आदमी पार्टी की सरकार थी, विपक्ष की वास्तविक भूमिका तो अब जाकर मिली है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जैसे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हमलावर रहते हैं, अरविंद केजरीवाल क्या खुद को कभी उनसे उन्नीस महसूस होने दिये हैं. कम से कम विपक्षी नेता की तरह सवाल उठाने के मामले में. दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनते ही आम आदमी पार्टी आक्रामक हो गई है. तभी तो पहले ही दिन एक ही मुद्दे पर सोशल साइट एक्स पर 14 पोस्ट कर डाली है. दिल्ली के जनादेश का सम्मान करते हुए अरविंद केजरीवाल तो पहले ही बोल चुके हैं कि वो विपक्ष की भूमिका निभाएंगे, और दोहराया है कि वो राजनीति में सेवा के लिए आये हैं, सत्ता के लिए नहीं. लिहाजा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने मोर्चा संभाला है. आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने पहले दिन ही महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिये जाने वाली स्कीम को लेकर कैबिनेट में कोई फैसला न लिये जाने पर धावा बोल दिया है - और वो इसके लिए वो मोदी की गारंटी का हवाला दे रही हैं. आतिशी के सवाल उठाने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जवाब में कहा है, 'सरकार हमारी है, एजेंडा हमारा... काम हमें ही करने दीजिए ना'. दिल्ली सरकार की पहली कैबिनेट में जो दो फैसले लिये गये, उनमें महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने वाली स्कीम शामिल नहीं है. कैबिनेट में लिया गया एक फैसला है, आयुष्मान योजना लागू करना, और दूसरा 14 CAG रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करना. दिल्ली की नई विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी से शुरू होने जा रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी का कहना है, दिल्ली की बीजेपी सरकार ने पहले दिन से ही दिल्ली के लोगों को धोखा देना शुरू कर दिया है. चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सभी बीजेपी नेताओं ने वादा किया था कि पहली कैबिनेट बैठक में ही वे दिल्ली की हर महिला को 2,500 रुपये वाली योजना पास करेंगे. लेकिन, पहली कैबिनेट मीटिंग हुई. दिल्ली की महिलाएं 2,500 रुपये प्रति महीने की योजना के पारित होने का इंतजार कर रही. रेखा गुप्ता जानती थीं कि महिलाओं की योजना को लेकर वो विपक्ष के निशाने पर निश्चित रूप से होंगी, लिहाजा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले ही इसके बारे में बोल दिया था.

आलेख

एकै साधे सब सधे

दीपक आचार्य

❒ लोग दिन-रात भागदौड़ कर रहे हैं, जी जान से अपने-अपने लक्ष्यों और इच्छित सफलताओं को पाने मे जुटे हुए हैं, रोजमर्रा की जिन्दगी का अधिकांश समय इसी में लगा रहे हैं, खूब परिश्रम भी कर रहे हैं, बावजूद इसके सफलता इनसे दूर से दूर होती चली जा रही है। यह हम सभी लोगों का अनुभव है। जमाने भर में लोग हमेशा व्यस्त रहते दिख जाते हैं, कोई कुछ कर रहा है, कोई दूसरा कुछ। सारे के सारे इस दौड़भाग भरी जिन्दगी में कुछ न कुछ कर ही रहे हैं। इसके साथ ही पैसे भी खर्च हो रहे हैं, परिश्रम भी लग रहा है और समय भी जाया हो ही रहा है।

इतना सब कुछ होने के बावजूद अधिकांश लोगों के पल्ले असफलता ही हाथ लगती है। इस वजह से लोगों में हताशा, निराशा और तनावों का साया पनप रहा है। ये लोग अवसादों में जीने को विवश होते जा रहे हैं। बहुत बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं जिनकी जिन्दगी से आनंद और आशाएं छिन गई हैं और पूरा जीवन लगता है कि जैसे नारकीय ही हो रहा है। बात किसी भी आयु वर्ग की हो, बच्चों से लेकर किशोर, युवा, प्रौढ़ और बुजुर्गों सभी की यही हालत देखी जा सकती है। कोई संतुष्ट नहीं है। कर्महीन भी असंतुष्ट हैं और कर्म, अभ्यास, स्वाध्याय और साधना में रोजाना घण्टों गुजार देने वाले भी।लाख परिश्रम के बावजूद लक्ष्य प्राप्ति में विफलता तथा सोचे गए कामों में फिसड्डी हो जाने का मूल कारण सब लोग अपने-अपने ढंग से तलाशते हैं। अपने यहाँ मूल्यांकन करने और राय देने वालों की किसी भी युग में कोई कमी नहीं रही। वर्तमान युग में तो इनकी सब स्थानों पर जबर्दस्त भरमार ही है। सब लोग अपनी-अपनी सुविधाओं और प्रतिष्ठा बचाए रखने के लिए हजार कारण गिनाते रहते हैं। लेकिन थोड़ा गंभीर होकर सोचा जाए तो साफ-साफ सामने आएगा कि हमारी असफलता का मूल कारण एकाग्रहीनता है।

जिस पढ़ाई-लिखाई से लेकर दुनिया भर के जिन कामों को पूरी एकाग्रता एवं तल्लीनता से किया जाता है उन कामों में पूर्ण सफलता पाने से हमें कोई रोक नहीं सकता। आजकल हमारे सभी प्रकार के कर्मों में समयबद्धता और गुणवत्ता के अभाव का यही सबसे बड़ा और एकमेव मूल कारण है।

दुनिया में दो तरह के लोगों पर कभी भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। उनमें एक वे लोग हैं जो दुनिया में कोई सा क्षेत्र या विषय हो, कोई सा कार्यक्रम हो, उसमें घुपैठ कर लिया करते हैं और बहुत सारे कामों और धंधों को एक साथ करने की आदत पाल लेते हैं। ये बहुधंधी लोग किसी के सगे नहीं होते। इनके बारे में यह साफ तौर पर कहा जा सकता है कि मौका देखकर ये किसी भी समय पाला बदल सकते हैं। ये हर प्रकार की प्रवृत्ति में अपने आपको आगे रखने की कोशिश में सौंपे गए कर्म भुला बैठते हैं।

कहानी

इंतजार

❒ कोई ऐसा कदम मत उठा लेना जिससे मम्मी पापा को परेशानी हो। मुझे पता है कि तुम्हारे लिए मेरे बिना जीना मुश्किल है। मैं हमेशा तुम्हारे साथ रहूंगी. इतना ही कह पाई थी कि उसकी आंखें बंद हो गई.हर पल हर दिन उसका ख्याल मेरे दिमाग में रहता. एक दिन बात न हो तो ऐसा लगता है कि सालों बीत गए.उसे न देखे तो लगता है कि जिंदगी का सारा टेंशन आज ही है. एक परेशान आत्मा की तरह कब से भटक रहा हूं। लेकिन वो है कि बाहर ही नहीं निकल रही है। आंखें तलाश रही थी कि एक बार दीदार हो जाए। लेकिन आज शायद खुदा को ये मंजूर नहीं है. हर रोज की मेरी आदत बन गई है। सुबह 11 बजे से गेट पर खड़े होकर उसका इंतजार करना। बिना उसको देखे पूरा दिन ठीक से नहीं गुजरता। घर में बाहर और अंदर लगाए रहता। फिर उसका इशारा मिलता कि धूप है घर के अंदर जाओ फोन पर बात करना। मैं खुशी से अंदर चला आता था। आज फिर मैं उसी के इंतजार में अपने गेट के बाहर खड़ा रहा। तेज धूप से जमीन तप रही थी। मैं भी जिद पर अड़ा था। उसे देखकर ही दम लूंगा। धूप कह रही थी कि अंदर चला जा वरना जल जाएगा। वो बेरहम बाहर निकलने का नाम नहीं ले रही थी। जैसे उसे कुछ पता ही न हो। कोई उसका बाहर इंतजार कर रहा है। सामने घर होने की वजह से इंतजार करने में मजा और गुस्सा दोनों आ रहा था। धूप में बैठा था। तभी एक हल्की सी झलक पैर की मिली। मुझे लगा शायद वो होगी। आंखें एकदम से उसी जगह रूकी थी। पहचानने की कोशिश कर रही थी। वो है या कोई और आजकल उसके घर रिश्तेदार भी खूब आते जाते रहते थे। बुआ की लड़की भी आई हुई थी। तेज धूप की वजह से प्यास भी लग रही थी। सोच रहा था अंदर गया तो कही आकर चली न जाए। मैं उसे देख न पाऊं। बड़ा दर्द था इस इंतजार में। वो आज तो नहीं दिखने वाली। घर पर बहुत काम होगा।

संस्मरण

शशांक मिश्र भारती

मैं बाल साहित्यकार ऐसे बना

❒ बात कुछ उन दिनों की है, जब मैं कक्षा छः में था। एक पुस्तक पाठ्यक्रम में थी हमारे पूर्वज की कहानी। जिनकी कहानियां पढ़ते समय लगता था, कि क्या मैं भी ऐसा लिख सकता हूं। यही वह समय भी था जब मैं पिताजी के द्वारा अमर चित्रकथा श्रृंखला की डाक से मंगवायी पुस्तकें पढ़ने लगा था। उनको पढ़ता और उनके पात्रों सा बनने का प्रयास करता। खेल खेलता। उनके ही सपने देखता। वीर अभिमन्यु, ,लव-कुश, बभ्रुवाहन और प्रहलाद की सचित्र कहानियां अधिक भातीं। घर के पुस्तकालय की एक पुस्तक वीर बालक मुझे सर्वाधिक प्रिय थी उसको मैं बार-बार पढ़ता। कई बार कुछ लिखने का प्रयास किया, कल्पनाएं कीं; पर असफल रहा। घर पर उपलब्ध धार्मिक, साहित्यिक, नैतिक व सामाजिक विषयों की पुस्तकें पढ़ता । समय के साथ-साथ मैं भी कक्षा बारह में पहुंच गया ,जिसके लिए मैं तहसील मुख्यालय में स्थित उस समय के एकमात्र इण्टर कालेज पुवायां इण्टर कालेज पुवायां को प्रतिदिन साइकिल से जाता। समय के साथ परीक्षा दे डाली। हर वर्ष की भांति ही छुट्टियों आ गईं। बाजार में पत्र-पत्रिकाओं की कमी न थी खरीदकर पढ़ने की इच्छा भी थी पर न जेब में पैसे होते और न ही घरेलू परिस्थितियां इसकी अनुमति देतीं। जिसकी कमी मैं घर के पुस्तकालय की पुस्तकें पढ़कर पूरी करता। मेरे घर पर उस समय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, बंगला, असमिया की मौलिक पुस्तकों के अतिरिक्त उड़िया, तमिल, तेलुगू, मलयालम, रूसी, फ्रैन्च , कन्नड़, उर्दू की अनुवादित विविध विषयों की पर्याप्त पुस्तकें थीं जिनको हमारे पिताजी ने बड़े मनोयोग से पैसा जोड़-जोड़ कर खरीदा था और वह स्वयं इनको रुचि से पढ़ते और दूसरों को पढ़वाते थे। उनको हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत के अलावा बंगला, असमिया, गुजराती, मराठी भाषायें आती थीं। पुस्तकालय की जिस पुस्तक ने मुझमें राष्ट्रभक्ति के बीज डाले वह प्रथम राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की भारत-भारती थी जो आज भी जीर्णावस्था में सुरक्षित है। इण्टर का परीक्षाफल आने ही वाला था कि बिहार से अपनी मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर डां. सुधीर पाण्डेय का वापस आना हुआ। पिताजी ने उनको दुकान देते हुए कहा-यही काम शुरू करो। उन्होंने पहली ही भेंट में मुझसे पूछा, कि क्या कुछ लिखते-विकते भी हों। मैंने कहा, नहीं तो ,मैं कैसे लिख सकता हूं। फिर लिखना प्रारम्भ कैसे किया जाता है यह भी मुझे नहीं मालूम। इसके बाद उन्होंने मुझे अपनी छपी हुई कुछ कहानियां दिखायीं और कहा-देखो ऐसे लिखा जाता है। किसी भी कार्य के लिए ईमानदारी से कोशिश करनी पड़ती है। लिखकर मुझे दिखाओ। मैंने कहा- ठीक है आज से ही प्रयास करता हूं।

1300 वर्ष पुराना छत्तीसगढ़ का बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर

हर दिन बदलता है स्वरूप

बूढ़ेश्वर महादेव का श्रृंगार एक दिव्य और भव्य अनुष्ठान होता है, जिसमें भगवान शिव को विशेष रूप से सजाया जाता है. यह श्रृंगार विभिन्न अवसरों, जैसे महाशिवरात्रि, सावन मास, सोमवार, या किसी विशेष पूजा के दौरान किया जाता है.

यू पाईल्स सिरप तथा पाईल्स रिलॅक्स और पाइलामृत कैप्सूल

❒ आयुर्वेद एक जीवनशास्त्र तथा वरदानी चिकित्सा शास्त्र भी है। पाईल्स अर्थात बवासीर पर इसमे कई हजार वर्षों से सफल प्रभावी ईलाज किया जाता आ रहा है। इस पाईल्स या बवासीर को अर्श या मूलव्याध भी आयुर्वेद में कहा गया है। शिवशंकर आयुर्वेद एजेंसी सीताबर्डी नागपुर द्वारा निर्मित एक वितरित यू पाईल्स सिरप तथा पाइल्स रिलैक्स और पाईलामृत कैप्सूल पाइल्स पर अच्छा आराम देते हुए पाए गए है. पाइल्स या मूलव्याधि समूल नष्ट नहीं होगा. इसे पथ्य और औषधि सेवन से शांत किया जा सकता है. शल्य क्रिया करके भी पाइल्स फिर अपथ्य करने से पुनरुद्भव हो सकता है. उसको पथ्यापथ्य से और औषधी सेवन से ठीक किया जा सकता है। शल्यक्रिया (ऑपरेशन) करके भी पाईल्स फिर अपथ्य सेवन करने से पुनरुद्भव हो सकता है। परंतु पथ्यापथ्य के पालन एवं यु पाईल्स सिरप 20ml + आधे कप पानी के साथ और एक कैप्सूल पाइल्स रिलैक्स एव पाईलामृत की सुबह और शाम खाने के बाद सेवन करने से पाइल्स में अच्छा लाभ होते हुए देखा गया है. शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी मार्गदर्शक वैद्यो को अनुभव आया है। तथा इच्छुक व्यक्ति शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी अथवा शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी वैद्यो की अनुभवी सलाह से परामर्श कर उपयुक्त यू पाइल्स सिरप एवम पाइल्स रिलैक्स और पायलाम्रुत कॅप्सुल्स का सेवन करके अपनी समस्या का समाधान पाए.

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स

डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक: फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

शहर में नागरिक सुविधाओं के विकास में तेजी लाएं: कलेक्टर

जिला कलेक्टर अविश्यंत पांडा और विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

गढ़चिरोली.

जिला कलेक्टर अविश्यंत पंडा और विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे ने शहर के विकास के लिए चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करने के लिए नगर परिषद गढ़चिरोली के अंतर्गत चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर में नागरिक सुविधाओं के विकास में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नई परियोजनाएं प्रस्तुत की जाएंगी तथा भविष्य में और अधिक विकास कार्य कराने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे।

इस अवसर पर नगर परिषद के मुख्य अधिकारी सूर्यकांत पिदुरकर, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राहुल मोरघड़े, उप कार्यकारी अभियंता गणेश परदेशी, उप अभियंता अंकुश भालेराव, सुजीत खामनकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला कलेक्टर एवं विधायक नरोटे ने गोकुल नगर स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विकास परियोजना का निरीक्षण किया।

झील की सुंदरता बढ़ाने के लिए पैदल पथ, उद्यान, प्रवेश द्वार, विश्राम क्षेत्र और प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य कार्य चल रहे हैं। जिला कलेक्टर ने कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक नरोटे ने शहर के नागरिकों के लिए कोई उपयुक्त पर्यटन स्थल बनाने के साथ इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद जिला कलेक्टर ने मोबाइल थियेटर परियोजना का निरीक्षण किया। इस परियोजना की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई तथा शीघ्र ही थियेटर सेवाएं शुरू करने के निर्देश दिए गए। अमृत 2.0 के तहत लांझेड़ा में विकसित किए जा रहे पार्क के कार्य का भी अवलोकन किया गया। पार्क में खिलौने, पैदल चलने के लिए ट्रैक, बैठने की जगह, हरियाली और विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाने की योजना बनाई गई है।

जिला कलक्टर ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। शहर में अपशिष्ट जल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) का कार्यान्वयन किया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने परियोजना की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और निर्देश दिया कि इसे यथाशीघ्र क्रियान्वित किया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद द्वारा प्रस्तावित नई विकास परियोजनाओं पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान गढ़चिरौली नगर परिषद के कर्मचारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

देश को सशक्त युवाओं की जरूरत: हंसराज अहीर

> गोंडवाना विश्वविद्यालय के आयोजित 26 वें राज्य स्तरीय अंतर-विश्वविद्यालय खेल महोत्सव का समापन

चंद्रपुर, सुनील तायडे. विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ आउटडोर खेल भी महत्वपूर्ण हैं। खेल व्यक्ति के मन और शरीर को मजबूत बनाते हैं। भारत सरकार के अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा कि देश की बहुमुखी प्रगति के लिए आज सशक्त युवाओं की आवश्यकता है। वे गोंडवाना विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 26वें महाराष्ट्र राज्य अंतर-विश्वविद्यालय खेल महोत्सव के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर विजेता टीमों को गणमान्यों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुंबई विश्वविद्यालय ने सभी खेल श्रेणियों में समग्र चैम्पियनशिप जीती, जबकि सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय ने उपविजेता का खिताब जीता। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए पुरस्कार मिला। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य सुधाकर अड़बले, कुलपति डॉ. प्रशांत बोकारे, सह कुलपति डॉ. श्रीराम कावले, रजिस्ट्रार डॉ. अनिल हिरेखन, प्रबंधन परिषद के सदस्य प्रशांत मोहिते, गुरुदास कामड़ी, प्रशांत दोनतुलवार, डीन जयेश चक्रवर्ती, डीन डॉ. संजय निंबालकर, प्राचार्य राजेश दहेगांवकर, डॉ. मिलिंद भगत, दीपक धोपटे, खेल महोत्सव समन्वयक डॉ. श्याम खंडारे, डॉ. अनीता लोखंडे, परीक्षा एवं मूल्यांकन बोर्ड की निदेशक। राजभवन द्वारा नियुक्त निरीक्षण समिति और वित्त एवं लेखा समिति के सदस्य डॉ. प्रवीण पोटदुखे। भास्कर माने, डॉ. मनोज रेड्डी, डॉ.अरुण माने उपस्थित थे। अहीर ने कहा कि कबड्डी और खो-खो महाराष्ट्र का गौरव हैं और यह गर्व की बात है कि इन खेलों को इन खेल प्रतियोगिताओं में शामिल किया गया है। भारत सरकार खिलाड़ियों के लिए छात्रवृत्ति सहित विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रही है, जिससे निश्चित रूप से एक मजबूत और साहसी युवा पीढ़ी का निर्माण होगा। उन्होंने प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि व्यायाम और योग की आज बहुत आवश्यकता है। अडबले ने कहा कि, "गोंडवाना विश्वविद्यालय की विकास यात्रा निश्चित रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि शिवधनुष्य विश्वविद्यालय ने इस महोत्सव में बड़ी सफलता हासिल की है, साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय दिन-प्रतिदिन सफलता की ऊंचाइयों को छूता रहेगा। अध्यक्षीय भाषण में डॉ. बोकारे ने कहा कि खिलाड़ियों ने मैदानी खेलों में अद्वितीय साहस का परिचय दिया। खेल भावना पर आधारित नेतृत्व कभी हार नहीं मानता। यह महोत्सव एक खेल महोत्सव है जो देश के भावी नेतृत्व को तैयार करता है। स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, नांदेड़, जो अगले वर्ष इसकी मेजबानी करेगा उन्हें कुलपति डॉ. प्रशांत बोकारे ने झंडा सौंपा। प्रो-वाइस चांसलर डॉ. श्रीराम कवले द्वारा निर्मित। संचालन डॉ. प्रशांत ठाकरे और डॉ. नंदू पाटिल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया, तत्पश्चात रजिस्ट्रार डॉ. अनिल हिरेखन द्वारा समापन किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल निदेशक, टीम प्रबंधक, प्रशिक्षक, अम्पायर, आमंत्रित गणमान्य व्यक्ति, प्रोफेसर, खेल छात्र और प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के कर्मचारी उपस्थित थे। मुंबई विश्वविद्यालय ने 26वें महाराष्ट्र राज्य अंतर-विश्वविद्यालय खेल महोत्सव 2024 के सभी खेल वर्गों में समग्र खिताब जीता, जबकि सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय ने उपविजेता का खिताब जीता। मुंबई विश्वविद्यालय ने टीम प्रतियोगिता के पुरुष और महिला टीमों में समग्र खिताब जीता। शिवाजी विश्वविद्यालय, मुंबई विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय ने एथलेटिक्स में पुरुष वर्ग में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान जीता।

भाजपा की गढ़चिरोली में बजट विश्लेषण पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

गढ़चिरोली.

भारतीय जनता पार्टी जिला गढ़चिरोली की ओर से भाजपा उद्योग गठबंधन क्षेत्रीय महामंत्री सी.ए. समीर बाकरे की अध्यक्षता तथा पूर्व सांसद व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव अशोक नेते व जिला अध्यक्ष प्रशांत वाघरे की उपस्थिति में पत्रकार परिषद का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में विधायक डा. मिलिंद नरोटे, पूर्व विधायक डॉ.देवराव होली, वरिष्ठ नेता व ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराव कोहले, महासचिव प्रकाश गेडाम, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल पोहनकर, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमेश बारसागड़े, उद्योग आघाडी जिला अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुनघाड़कर, संतोष तंगड़पल्लीवार सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व पत्रकार उपस्थित थे। इस पत्रकार सम्मेलन में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव तथा पूर्व सांसद अशोक नेते ने गढ़चिरोली जिले के विकास पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे, सुरजागढ़ और कोनसरी लौह परियोजनाओं, राष्ट्रीय राजमार्गों और सिंचाई बांध जैसी परियोजनाओं के माध्यम से जिले के विकास को कैसे गति दी जाएगी, इस पर विस्तृत जानकारी दी। भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता सी.ए. समीर बाकरे ने कहा कि यह बजट 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मध्यम वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण, कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, एमएसएमई क्षेत्र के विकास और सामाजिक कल्याण पर जोर दिया गया है। कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए 'प्रधानमंत्री धन धान्य योजना', 'यूरिया आत्मनिर्भर योजना' तथा खाद्य तेल उत्पादन के लिए विशेष योजना लागू की जाएगी। शिक्षा क्षेत्र में 'भारतीय भाषा पुस्तक योजना', सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के लिए ब्रॉडबैंड सुविधा, 50,000 अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना का प्रावधान है। मध्यम वर्ग के लिए 12 लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त कर दिया गया है, तथा वरिष्ठ नागरिकों और किराएदारों को भी बड़ी रियायतें दी गई हैं। स्वास्थ्य, गिग वर्कर्स के कल्याण और जलजीवन मिशन जैसी योजनाओं में तेजी लाई गई है। उम्मीद जताई गई कि यह बजट आम नागरिकों को देश के विकास में भागीदार बनाएगा।

पूर्व सांसद अशोक नेते की मानवीयता

गढ़चिरोली. पूर्व सांसद एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव अशोक नेते भागवत सप्ताह कार्यक्रम के लिए कढोली में थे, जब लौटते समय श्री तुकाराम कॉलेज के पास दुर्घटना घटी थी जिसमें एक तेज रफ्तार मालवाहक वाहन ने दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे वे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के शिकार विशाल उत्तम भोयर (उम्र 20, निवासी कडोली) और सूरज यादव गुरवाले पिसे (निवासी वर्धा) पैदल चलते हुए अपने गांव जा रहे थे. तभी पीछे से आ रहे एक वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में नागरिकों की भीड़ जमा हो गई।

गढ़चिरोली पुलिस को मिली ने 48 घंटे में अपराध सुलझाने में सफलता

गढ़चिरोली पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर महापुरुषों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी लिखने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया

आष्टी.

पिछले कुछ दिनों से अज्ञात बदमाश आष्टी पुलिस स्टेशन के सोमनपल्ली और दुर्गापुर इलाकों में विकृत तरीके से मानव अंगों के प्रतीक और आकृतियां बना रहे थे। इसी बीच 21/02/2025 को मौजा सोमनपल्ली में सार्वजनिक बस स्टॉप पर एक शेड की शीट पर डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर के बारे में अपमानजनक और आपत्तिजनक लिखा हुआ था। स्थानीय निवासियों द्वारा पुलिस को बताया जाने के बाद तुरंत आष्टी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और वरिष्ठों को घटना की जानकारी दी।

इसके बाद घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने आष्टी पुलिस को तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू करने का आदेश दिया। जांच के दौरान अहेरी के उपविभागीय पुलिस अधिकारी अजय कोकाटे के मार्गदर्शन में, पुलिस निरीक्षक विशाल काले, आष्टी, लोकल क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक अरुण फेगड़े गढ़चिरोली के नेतृत्व में कुल 10 जांच दल गठित किए गए, जिनमें पुलिस स्टेशन आष्टी और स्थानीय अपराध शाखा गढ़चिरौली के अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। टीमों द्वारा की गई जांच में पता चला कि क्षेत्र के 10 कि.मी. के दायरे में. पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घटना में इस्तेमाल की गई काली स्याही से विभिन्न अश्लील चित्र बनाए जा रहे हैं। आष्टी और चामोर्शी क्षेत्रों के कई गांवों का दौरा करने के बाद पुलिस टीमों द्वारा प्राप्त गोपनीय जानकारी और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर, सुमित जगदीश मंडल नामक व्यक्ति, उम्र 18 वर्ष, निवासी दुर्गापुर तालुका. चामोर्शी जिला. गढ़चिरोली के बारे में पुलिस को पता चला कि गढ़चिरौली और एक नाबालिग आरोपी ने सोमनपल्ली बस स्टॉप पर आपत्तिजनक पाठ लिखा था। जब पुलिस ने तुरंत आरोपी को हिरासत में लिया और अपराध के बारे में उससे आगे की पूछताछ की तो आरोपी ने अपराध करना कबूल कर लिया। ऐसा माना जा रहा है कि आरोपी ने मानसिक विकार के कारण यह कृत्य किया है। आष्टी पुलिस आरोपी सुमित जगदीश मंडल को गिरफ्तार करने की प्रक्रिया में है और नाबालिग आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। अपराध की आगे की जांच पुलिस निरीक्षक विशाल कालेकर रहे हैं.

रोहित शेट्टी की कॉप फिल्म में नजर आएंगे जॉन अब्राहम

फिल्ममेकर रोहित शेट्टी की फिल्मों में ज्यादातर अजय देवगन और अक्षय कुमार ही नजर आते हैं. खासतौर पर रोहित की फिल्मों में अजय तो होते ही हैं.फिर चाहे कोई एक्शन फिल्म हो या कॉमेडी पिक्चर हो. लेकिन 350 करोड़ के बजट में बनी सिंघम अगेन के फ्लॉप होने के बाद अब रोहित शेट्टी ने नए एक्टर के साथ काम करने मन बनाया है.डायरेक्टर एक बार फिर से कॉप फिल्म बनाने जा रहे हैं. हालांकि इस बार पुलिस की कहानी रियल लाइफ स्टोरी होने वाली है और इस फिल्म के रोहित ने इस बार जॉन अब्राहम को चुना है.

रोहित शेट्टी अब फिक्शनल कॉप फिल्मों से ब्रेक ले रहे हैं और अब बड़े पर्दे पर वो एक रियल लाइफ पुलिस वाले की कहानी को पेश करने की तैयारियों में जुट गए हैं. हाल ही में खबर आई थी कि रोहित पहली बार मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक के लिए जॉन अब्राहम के साथ काम करेंगे. रिपोर्ट के अनुसार रोहित शेट्टी जॉन के साथ मार्च में इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर देंगे.

जॉन अब्राहम की इस फिल्म का अभी नाम फाइनल नहीं हुआ है. इस कॉप फिल्म में जॉन मारिया का किरदार निभाने वाले हैं. देश के कुछ बेहद सेंसीटिव और बड़े जोखिम वाले मामलों में मारिया की भागीदारी रही है. ये एक शानदार फिल्म होने वाली है. जिसे हाई-ऑक्टेन, लार्जर-दैन-लाइफ कहानियां बड़े पर्दे पर पेश करने वाले रोहित शेट्टी बड़ी गंभीरता के से बना रहे हैं. ये फिल्म राकेश मारिया के 2020 के संस्मरण, लेट मी से इट नाउ पर बेस्ड होगी. जॉन को पिछली बार 1000 करोड़ी पठान में विलेन बने देखा गया था.

फिल्म का काम फिलहाल प्री-प्रोडक्शन स्टेज पर है और मार्च के मिड में इसकी शूटिंग शुरू कर दी जाएगी. मिली जानकारी के अनुसार रोहित शेट्टी इस फिल्म को इसी साल जून तक खत्म भी करना चाहते हैं. बिना किसी रुकावट के डायरेक्टर की प्लानिंग इस फिल्म को 45 जिन के शेड्यूल में पूरा करने की है. इस फिल्म के बाद, शेट्टी खतरों के खिलाड़ी के अगले सीज़न की शूटिंग करेंगे और उसके बाद, वह 'गोलमाल 5' पर काम करना शुरू करेंगे, जिस पर अगले साल की शुरुआत में काम शुरू किया जा सकता है.

तेजा सज्जा की फिल्म 'मिरै' की रिलीज डेट से उठा पर्दा

तेजा सज्जा की फिल्म 'जय हनुमान' लोगों को काफी पसंद आई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। इस फिल्म ने दुनिया भर में 250 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। 'जय हनुमान' के अभिनेता तेजा सज्जा की अपकमिंग मूवी 'मिराई' सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। निर्माताओं ने रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। पीपल मीडिया फैक्ट्री ने एक्शन-थ्रिलर ड्रामा 'मिराई' की दुनिया भर में रिलीज की घोषणा की है। निर्माताओं ने बताया कि फिल्म 1 अगस्त, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

तेजा सज्जा स्टारर फिल्म 'मिराई' के निर्देशक कार्तिक गट्टमनेनी हैं और निर्माण टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद ने किया है। हाई-ऑक्टेन एक्शन, पौराणिक कहानी कहने और आधुनिक दृश्यों के साथ 'मिराई' भारतीय सिनेमा जगत को एक अलग अनुभव देने के लिए तैयार है।

इसमें तेजा सज्जा एक निडर योद्धा की भूमिका में हैं, जिसे 'सिक्रेट 9' की रक्षा करने का काम सौंपा गया है। फिल्म सम्राट अशोक और उनके 'सीक्रेट 9' की काल्पनिक कहानी पर आधारित है। निर्माताओं ने हाल ही में 'मिराई' के टीजर को रिलीज किया था, जिसमें तेजा सज्जा एक योद्धा के अवतार में नजर आए थे। वहीं, अभिनेता मांचू मनोज का किरदार रहस्य में डूबा नजर आया था। जबरदस्त एक्शन सीन से भरे टीजर को देखकर दर्शक उत्साहित नजर आए। 'मिराई' में संगीत गौरा ने दिया है। फिल्म में तेजा सज्जा, मनोज मांचू के साथ अभिनेत्री रितिका नायक अहम भूमिका में हैं।

रवीना ने शादीशुदा जोड़े को दिया ये खास गिफ्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन हाल ही में एक सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुईं, जहां उनकी दरियादिली ने हर किसी का दिल जीत लिया. यह आयोजन मुंबई के बीएमसी चॉल में मोहसिन हैदर द्वारा आयोजित किया गया था. समारोह में कई नवविवाहित जोड़े शामिल थे, लेकिन रवीना ने अपने शादी के खास कंगन एक नवविवाहित जोड़े को गिफ्ट के रूप में दे दिए.इस भावुक पल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें रवीना टंडन को दुल्हन को गले लगाते और अपने कीमती कंगनों को देते हुए देखा जा सकता है. इश दौरान एक्ट्रेस ने कहा, "पंजाबी शादियों में दुल्हनें 40 दिनों तक चूड़ा पहनती हैं. मैंने अपनी शादी में ये ये चूड़ा पहना था, इसमें दो कंगन में से एक पर मेरा नाम और दूसरी पर मेरे पति का नाम लिखा है. मैं इन्हें न्यूली वेड कपल को गिफ्ट कर रही हूं.रवीना टंडन ने अपने कंगनों को चूमा और फिर दुल्हन को गले लगाकर बधाई दी. वहां मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से इस पल का स्वागत किया. सोशल मीडिया पर भी फैंस ने उनकी उदारता की खूब सराहना की. हालांकि, कुछ लोगों ने इस पर चुटकी भी ली, और मजाकिया कमेंट किए. एक यूजर ने लिखा, "मुझे नहीं लगता कि अपनी शादी की चीजें किसी और को देनी चाहिए." तो वहीं, कुछ यूजर्स ने लिखा, 'सासू मां को क्या जवाब दोगी?'रवीना टंडन हाल ही में फिल्म 'घुड़चढ़ी' में नजर आई थीं, जिसमें उनके साथ संजय दत्त, पार्थ समथान, खुशाली कुमार और अरुणा ईरानी जैसे कलाकार थे.

अक्षय खन्ना की फिल्म पर शाहरुख ने लगाया था पैसा

शाहरुख खान अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी दरियादिली को लेकर भी सुर्खियों में छाए रहते हैं. शाहरुख खान बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ बतौर प्रोड्यूसर भी काम करते हैं. हाल ही में निर्माता रेनू चोपड़ा ने शाहरुख से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया. साल 2017 में फिल्म इत्तेफाक सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म सिद्धार्थ मल्होत्रा, सोनाक्षी सिन्हा और अक्षय खन्ना लीड रोल में नजर आए थे. ये फिल्म फ्लॉप की लिस्ट में शामिल है. इस फिल्म कई लोगों का पैसा लगा था, जिनमें एक नाम शाहरुख खान का भी था.

फिल्म इत्तेफाक को शाहरुख खान, गौरी खान, करण जौहर, रेनू चोपड़ा, हीरू चोपड़ा, अपूर्वा मेहता और गौरव वर्मा ने प्रोड्यूस किया था. फिल्म का बजट करीब 30 करोड़ था. रेनू चोपड़ा ने हाल ही में बताया कि शाहरुख ने न केवल इस फिल्म पर खुश होकर पैसा लगाया, बल्कि उन्होंने अपनी इंवेस्टमेंट पर इंट्रस्ट तक लेने से मना कर दिया था. रेनू ने बताया कि जब उनके बेटे अभय चोपड़ा डायरेक्शन में डेब्यू कर रहे थे तो शाहरुख ने कैसे उनके परिवार को सपोर्ट किया था.रेनू चोपड़ा ने खुलासा किया कि शाहरुख ने न केवल इस प्रोजेक्ट के लिए पैसे दिए, बल्कि उन्होंने स्क्रिप्ट पढ़े बिना भी ऐसा किया. बता दें, रेनू चोपड़ा प्रोड्यूसर और दिवंगत फिल्ममेकर रवि चोपड़ा की पत्नी हैं. उस वक्त को याद करते हुए उन्होंने आगे कहा कि शाहरुख ने पहले हमारे सिर्फ गेस्ट एपीरियंस की थी.

दीपिका कक्कड़ ने बीच में ही छोड़ा सेलिब्रिटी मास्टरशेफ

दीपिका कक्कड़ टेलीविजन इंडस्ट्री का काफी जाना माना चेहरा हैं, उन्होंने 'ससुराल सिमर का' सीरियल से घर-घर अपनी खास पहचान बनाई है. हालांकि, इतना बड़ा नाम होने के बाद से वो लंबे वक्त से स्क्रीन से दूर रही हैं. लेकिन हाल ही में उन्होंने सेलिब्रिटी मास्टरशेफ रियलिटा शो से अपना कमबैक किया था, जो कि उनके फैन्स के लिए काफी खास था. लेकिन अब उन्होंने इस शो को छोड़ने का भी ऐलान कर दिया है. इसके साथ ही उन्होंने इसकी वजह भी शेयर की है.

काफी वक्त से सेलिब्रिटी मास्टरशेफ से दीपिका के जाने की बात सामने आ रही थी. हालांकि, अब दीपिका ने खुद इस बात का खुलासा कर दिया है कि वो ये शे छोड़ रही हैं. दीपिका सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने के साथ ही साथ अपना यूट्यूब चैनल भी चलाती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने चैनल पर एक व्लॉग डाला, जिसमें उन्होंने शो के बारे में बात की. उन्होंने बताया कि वो शो को बीच में ही छोड़ रही हैं. उन्होंने बताया कि शो पर फेस्टिव सीजन के दौरान उनके कंधे में अचानक से तेज दर्द उठ गया. जिसके बाद उन्हें दवा लेनी पड़ गई.

एक्ट्रेस ने शो के दौरान ही बताया कि उन्हें पता चला कि उन्हें लिम्फ नोड्स है. ये बात जब प्रोडक्शन के लोगों को पता चली, तो एक्ट्रेस को तुरंत अस्पताल लाया गया. दीपिका ने अपनी हेल्थ को प्रॉयोरिटी देने का फैसला किया और उन्होंने पूरा इंसिडेंट बताते हुए कहा कि "पिछले हफ्ते जब सभी कंटेस्टेंट फेस्टिव सीजन मना रहे थे, तो मैं सेट पर पहुंची, मेरे कंधे में दर्द होने लगा और प्रोडक्शन के लोग मुझे अस्पताल ले गए. लेकिन अब सेलिब्रिटी मास्टरशेफ की मेरी ये जर्नी खत्म हो चुकी है." दीपिका कक्कड़ को शो में देखकर उनके फैन्स काफी खुश थे. हालांकि, उनकी मेडिकल कंडीशन की वजह से उन्हें शो को बीच में ही छोड़ना पड़ गया. इस शो में दीपिका स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट के तौर पर थीं. रिपोर्ट्स की माने तो दीपिका को इस शो के लिए काफी अच्छी फीस मिली थी. बताया जा रहा है कि हर हफ्ते के एपिसोड के लिए एक्ट्रेस को 2.30 लाख रुपए मिलते थे. हालांकि, इसकी पुष्टि अभी नहीं की गई है. यूट्यूब के साथ ही साथ दीपिका और उनके पति शोएब इब्राहिम ने क्लोथिंग ब्रांड की भी शुरुआत की है.

गुरु रंधावा के सिर पर लगी गहरी चोट

देश के जाने-माने पंजाबी सिंगर और एक्टर गुरु रंधावा चोटिल हो गए हैं। उन्हें आनन-फानन में एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो सिंगर के सिर पर गंभीर चोट लगी है। उन्हें हॉस्पिटल के बेड पर लेटे देखा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक अभिनेता-गायक गुरु रंधावा अपनी अपकमिंग फिल्म 'शौंकी सरदार' की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। रविवार को अस्पताल से एक तस्वीर शेयर कर उन्होंने बताया कि पहले स्टंट पर ही उन्हें यह चोट लग गई। एक्शन करना मुश्किल है लेकिन वह अपने प्रशंसकों के लिए खूब मेहनत करेंगे। अस्पताल के बेड पर लेटे हुए रंधावा ने प्रशंसकों को चोट लगने की जानकारी देते हुए इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह सर्वाइकल कॉलर लगाए नजर आए। इसके साथ ही उन्होंने थंब्स अप भी किया। अभिनेता ने बताया कि चोट लगने के बाद भी उनका हौसला टूटा नहीं, वह बरकरार है। उन्होंने लिखा, मेरा पहला स्टंट, मेरी पहली चोट, लेकिन मेरा हौसला बरकरार है। 'शौंकी सरदार' फिल्म के सेट से एक याद। अभिनेता ने अपने दर्द की ओर इशारा करते हुए बताया कि वास्तव में एक्शन काफी मुश्किल काम है। उन्होंने लिखा, "एक्शन करना बहुत मुश्किल काम है लेकिन अपने दर्शकों के लिए मैं खूब मेहनत करूंगा।अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने हैरानी जताते हुए लिखा,क्या? गायक मिका सिंह ने लिखा, "जल्दी ठीक हो जाओ। अनुपम खेर ने लिखा,आप अच्छे इंसान हैं। जल्द ठीक हो जाएंगे।" ओरी ने इस खबर पर चिंता जताते हुए जल्द ठीक होने की कामना करते हुए लिखा, "आप जल्दी ठीक हो जाओ।"

हनी सिंह ने पंजाबी गाने में लगाया भोजपुरी तड़का

पंजाबी सिंगर और रैपर हनी सिंह ने काफी लंबे वक्त के बाद वापसी की है. हालांकि, लंबे वक्त से लोगों के बात से गायब रहने के बावजूद उनकी फैन फॉलोइंग में कमी देखने को नहीं मिली. सिंगर ने वापसी के लिए अपना एल्बम ग्लोरी रिलीज किया था, जिसका गाना मिलेनियर काफी हिट साबित हुआ है. अब इसी एल्बम का एक और गाना उन्होंने रिलीज कर दिया है, जिसका टाइटल मैनियाक है. इस गाने की वीडियो में उनके साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस भी शामिल हैं.

मैनियाक, हनी सिंह के गानों से थोड़ा हटकर है. हालांकि, अपने इस एल्बम के जरिए सिंगर ने देशीपन अपनाए रखा है, जो कि इसकी खासियत है. ये गाना रिलीज होने के बाद से ही काफी चर्चा में है, क्योंकि इसमें भोजपुरी का भी टच है. पंजाबी और भोजपुरी गाने का कॉम्बिनेशन बाकी लोगों को कितना पसंद आने वाला है, ये देखने लायक होगा. गाने में हनी सिंह के साथ रागिनी विश्वकर्मा ने भोजपुरी की लाइन्स को अपनी आवाज दी हैं.

मैनियाक,टी-सीरीज और भूषण कुमार ने प्रेजेंट किया है. इस गाने का टीजर 4 फरवरी को रिलीज कर दिया गया था, लेकिन 22 फरवरी को इसे ऑफिशियल तौर पर रिलीज किया गया है. लोगों ने इस गाने के कमेंट सेक्शन में इस शानदार पंजाबी, भोजपुरी कॉम्बिनेशन की काफी तारीफ की है. वहीं कुछ लोगों ने इस पर हैरानी भी दिखाई, क्योंकि इस कॉम्बिनेशन का गाना हनी सिंह से किसी ने भी उम्मीद नहीं की थी.

हनी सिंह के एल्बम ग्लोरी की बात करें, तो इसमें 18 ट्रैक शामिल हैं, जो कि होम-ग्रोन इंटरनेशनल सॉन्ग का नाम दिया गया है. इस एल्बम की अनाउंसमेंट के दौरान हनी सिंह ने बताया था कि ये उनकी पूरी म्युजिकल जर्नी है. कुछ वक्त पहले हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री भी रिलीज की गई थी, जिसका टाइटल यो यो हनी सिंह: फेमस दिया गया था. इसमें उनकी शुरुआत से लेकर अभी तक की जर्नी और कुछ अनसुने किस्से शामिल थे.

फिल्म की सफलता पर निर्भर करती है आमिर की कमाई

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने इंडस्ट्री में अलग मुकाम हासिल किया है और लोग उन्हें मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से जानते हैं. आमिर खान का करियर भले ही 3 दशक से ज्यादा का हो गया है लेकिन उन्होंने काफी कम फिल्मों में काम किया है. दरअसल, आमिर खान अपनी फिल्मों का चुनाव करने में काफी सजग रहते हैं लेकिन उनकी फिल्में आते ही लोगों के बीच छा जाती हैं. उनकी फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं. अब आमिर खान ने हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में बतायता है कि वह अपनी फिल्मों की फीस किस आधार पर लेते हैं. आइए जानते हैं कि एक्टर ने क्या कहा है.

आमिर खान एक कार्यक्रम में पहुंचे थे और यहां पर अपने से जुड़े तमाम सवालों के जवाब दिए हैं. आमिर खान ने बताया कि वह बाकी स्टार्स की तरह फीस नहीं लेते हैं और वो ऐसा पिछले 20 साल से कर रहे हैं. इस दौरान आमिर खान ने अपनी फिल्मों की फीस को लेकर बात करते हुए कहा, 'अगर फिल्म हिट होती है तो मैं कमाता हूं और अगर फ्लॉप हो जाती है तो मुझे कुछ नहीं मिलता है. मेरी कमाई सिर्फ फिल्म की परफॉर्मेंस पर निर्भर करती है. फिल्म फ्लॉप होने के बाद मेरे प्रोड्यूसर पर फीस का कोई दबाव नहीं पड़ता है.

सेमीफाइनल में जगह बनाने आज उतरेगा न्यूजीलैंड

बांग्लादेशी बल्लेबाजों के फॉर्म से मुकाबला चुनौतीपूर्ण

नई दिल्ली. ईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में आज होने वाले ग्रुप मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम जहां टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय कायम करने उतरेगी वहीं बांग्लादेश पिछले मैच में भारत से मिली करारी हार के बाद वापसी करने मैदान में उतरेगा।

न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तानी धरती पर एकदिवसीय मुकाबलों में दबदबा बनाए रखते हुए लगातार चार जीत दर्ज की हैं और वह अगले मैच को लेकर उत्साहित है। अब देखना होगा कि टूर्नामेंट में भारत से मिली करारी के हार के बाद बांग्लादेश वापसी कर पायेगा या न्यूजीलैंड अपना दबदबा कायम रखता है। बांग्लादेश पिछले मैच के तौहीद हृदोय के जूझारू शतक को ध्यान में रखते हुए निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर एक बार फिर से अपने अभियान को

शुरू करना चाहेगा।

वहीं न्यूजीलैंड ने विल यंग और टॉम लैथम की अगुआई में शानदार बल्लेबाजी की है। मैट हेनरी और विल ओ'रूर्के की अगुआई में उनकी गेंदबाजी इकाई ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वे बांग्लादेश की कमजोर बल्लेबाजी का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों फॉर्म में न होना उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है भारत के खिलाफ दोनों बल्लेबाज पावरप्ले में ही आउट हो गए, जिससे मध्यक्रम की शुरुआत ही हो गई। न्यूजीलैंड के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उन्हें एक और हार से बचने के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

ऐसा माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड की जीत संभावनाएँ बहुत अधिक हैं, लेकिन बांग्लादेश को उनके पिछले संस्करण में किये गये प्रदर्शन को देखते हुए उसे नकारा नहीं जा सकता। दोनों टीमें के बीच कल होने वाला मुकाबला रोमांचक होने के आसार है। मैट हेनरी पिछले दो सालों में पाकिस्तान की पिचों पर 15 विकेट चटकाए हैं जोकि किसी भी अन्य विदेशी गेंदबाज से अधिक। न्यूजीलैंड को उनसे बहुत उम्मीद होगी। बल्लेबाजी की बात की जाये तो विल यंग ने बांग्लादेश के खिलाफ आठ पारियों में 50 से अधिक की औसत से 360 रन बनाए हैं और उनकी मौजूदा फॉर्म को देखते हुए

भारतीय निशानेबाजी दल की अगुआई करेंगी मनु

नई दिल्ली. पेरिस ओलंपिक 2024 में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर इस साल के शुरुआती दो विश्व कप में भारतीय निशानेबाजी दल की अगुआई करेंगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आगामी दो आईएसएसएफ विश्व कप के लिए 35 सदस्यीय दल की घोषणा की है। पहला विश्व कप अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में एक से 11 अप्रैल और दूसरा विश्व कप पेरू के लीमा में 13 से 22 अप्रेल तक खेला जाएगा।

इस दल में मनु भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में चुनी गई एकमात्र निशानेबाज हैं। वह इन विश्व कप से अपने सीजन की शुरुआत करेंगी और 10 मीटर एयर पिस्टल व 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगी।आगामी दो विश्व कप के लिए चयनित किए गए निशानेबाजों का एक कैंप भी लगेगा।

भारत के लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने शुक्रवार रात बोस्टन में टेरियर डीएमआर चैलेंज इंडोर प्रतियोगिता की 5000 मीटर स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहते हुए आगामी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारतीय सेना के इस 26 वर्षीय एथलीट ने 12 मिनट 59.77 सेकेंड का समय निकाला और अपने प्रदर्शन में सुधार किया। हालांकि वह पदक जीतने से चूक गए। इस स्पर्धा में अमेरिका के 1500 मीटर के ओलंपिक चैंपियन कोल होकर ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 12:58.82 मिनट का समय निकाला। वहीं न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले चार मैचों में 215 रन बनाए हैं और इस दौरान तीन बार नाबाद रहे हैं। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण उन्हें खेल बदलने वाला खिलाड़ी बनाती है। वहीं गेंदबाजों की बात की जाये तो मैट हेनरी पिछले दो सालों में पाकिस्तान की पिचों पर 15 विकेट चटकाए हैं जोकि किसी भी अन्य विदेशी गेंदबाज से अधिक। न्यूजीलैंड को उनसे बहुत उम्मीद होगी। बल्लेबाजी की बात की जाये तो विल यंग ने बांग्लादेश के खिलाफ आठ पारियों में 50 से अधिक की औसत से 360 रन बनाए हैं और उनकी मौजूदा फॉर्म को देखते हुए बांग्लादेश की चिंता बढ़ सकती है।

भारत का राष्ट्रगान बजने पर पीसीबी ने आईसीसी से मांगा जवाब

लाहौर.

शनिवार को गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच से पहले एक बड़ी चूक हुई, जिसमें 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर' (ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान) की जगह भारतीय राष्ट्रगान

'जन गण मन' बजना शुरू हो गया। हालांकि तुरंत ही रोककर ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान बजाया गया। जैसा कि आईसीसी आयोजनों में होता रहा है, हर मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के राष्ट्रगान बजाए जाते हैं। इंग्लैंड के राष्ट्रगान 'गॉड सेव द किंग' के बजने के बाद, 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर' बजाया जाना था। लेकिन, स्टेडियम में मौजूद सभी लोगों को आश्चर्य हुआ, जब दो सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया। इस गलती को तुरंत सुधारा गया और 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर' बजाया गया।

ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच से पहले राष्ट्रगान की गलती कुछ ऐसी है, जिसके बारे में मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को समय आने पर स्पष्टीकरण देना होगा, साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी होगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से इस पर जवाब मांगा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 50 ओवर में 351 रन बनाए, जो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर था।

कंगारु बल्लेबाज एक कदम और आगे बढ़े और इस लक्ष्य को हासिल कर नई गाथा लिख दी। आईसीसी के किसी भी फॉर्मेट या किसी भी इवेंट में आज तक इतना बड़ा रन चेज नहीं हुआ था। जोश इंगलिस के शतक और एलेक्स कैरी की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी की वजह से ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट से मुकाबला जीत लिया।

मूकबधिर खिलाड़ी ने जीते 50 से अधिक मेडल

ईवा पटेल, तापी जिले की एक मूक-बधिर खिलाड़ी, ने अपनी मेहनत और लगन से आइसस्टॉक में 50 से अधिक मेडल जीते हैं. बर्फ न होने के बावजूद, वह सड़क और बास्केटबॉल कोर्ट पर प्रैक्टिस कर वर्ल्ड चैंपियनशिप तक पहुंची.

खराब प्रदर्शन वाले भारतीय एथलीटों पर गिरी गाज

नई दिल्ली .पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय एथलीटों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद केंद्रीय खेल मंत्रालय ने सख्त फैसला लिया है। इसके तहत खेल मंत्रालय ने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में शामिल आधे से ज्यादा खिलाड़ियों को बाहर कर दिया है। टॉप्स के तहत खेल मंत्रालय ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए एथलीटों को वित्तीय मदद प्रदान करता है। खेल मंत्रालय ने संख्या घटाने का फैसला पेरिस ओलंपिक में एथलीटों के प्रदर्शन की समीक्षा करने का बाद लिया है। पेरिस में भारत के 117 एथलीटों ने शिरकत की थी और सिर्फ छह ने पदक जीते थे।पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले टॉप्स स्कीम में कुल 120 खिलाड़ी शामिल थे। अब खेल मंत्रालय ने इसमें से 78 खिलाडिय़ों को बाहर कर दिया है। इसके तहत, अब सिर्फ 42 एथलीटों को ही वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।रिपोर्ट के तहत, खेल मंत्रालय ने टेनिस, गोल्फ और तैराकी को पूरी तरह से टॉप्स से बाहर कर दिया है। पेरिस ओलंपिक में टेनिस में तीन, गोल्फ में चार और तैराकी में दो एथलीटों ने शिरकत किया था। खेल मंत्रालय ने सबसे ज्यादा कटौती एथलेटिक्स में की है। पहले टॉप्स में कुल तीन खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें से 27 को बाहर कर दिया गया है। सिर्फ तीन एथलीट नीरज चोपड़ा (भालाफेंक), अविनाश साल्व (धावक) और एम श्रीशंकर (लंबी कूद) ही टॉप्स में जगह बचा सके हैं।मुक्केबाजी में अमित पंघाल और शिव थापा जबकि बैडमिंटन में के श्रीकांत और अश्विन पोनप्पा को बाहर कर दिया गया है।

भारतीय तीरंदाजों ने जीते 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज

बोकारो.

बैंकॉक में चल रही 2025 एशिया कप तीरंदाजी प्रतियोगिता में भारतीय तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए हैं. वहीं, शनिवार 22 फरवरी को हुए रिकर्व पुरुष टीम इवेंट के फाइनल मुकाबले में भारत की टीम ने चीन को 5-1 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया. चीन ने सिल्वर और ऑस्ट्रेलिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता.

भारतीय टीम ने पहले सेट में चीन को 53-53 स्कोर से कड़ी टक्कर दी. दूसरे सेट में भारत ने 55-50 से बढ़त बनाई और तीसरे सेट में सटीक निशानेबाजी करते हुए 52-51 से जीत हासिल की. भारतीय टीम ने 5-1 के बड़े अंतर से मुकाबला अपने नाम कर लिया.

इस ऐतिहासिक रिकर्व पुरुष टीम इवेंट में बोकारो जिले के चंदनक्यारी प्रखंड के प्रतिभाशाली तीरंदाज गोल्डी मिश्रा के साथ विष्णु चौधरी और राहुल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. तीरंदाज गोल्डी मिश्रा ने बताया कि इस जीत से वह बहुत खुश हैं क्योंकि उनकी टीम ने टूर्नामेंट के लिए कड़ी मेहनत की थी.

'बॉर्डरमेन मैराथन 2025' में दौड़े 5000 से ज्यादा लोग

अमृतसर. सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को अमृतसर में 'बॉर्डरमेन मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का आयोजन किया। अमृतसर के गोल्डन गेट से दौड़ शुरू हुई। "हैंड इन हैंड विद बॉर्डर पॉपुलेशन थीम पर आधारित इस खेल आयोजन का उद्देश्य सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाना और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाना है।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बीएसएफ की एक बड़ी पहल है, जो देश के युवाओं को उनके स्वास्थ्य के

प्रति जागरूक करेगी। यह मैराथन न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।उन्होंने आगे कहा कि साल 2022 से आरंभ हुई यह वार्षिक मैराथन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जाती है। ऐसे में इस वर्ष भी यह अपनी भव्यता और लोकप्रियता के साथ और भी विशाल रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस मैराथन में 5,200 से अधिक धावक भाग ले रहे हैं, जिनमें भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पेशेवर एथलीट भी शामिल हैं।

साल 2022 में शुरू हुई यह वार्षिक मैराथन हर वर्ष अपनी सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों के युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस मैराथन की सफलता और महत्व को और भी मजबूत बनाती है।

दलजीत सिंह चौधरी ने आगे कहा कि इस वर्ष विशेष रूप से महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बीएसएफ ने सभी श्रेणियों में महिलाओं के लिए निःशुल्क पंजीकरण की घोषणा की है, जिससे उनकी भागीदारी को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

रौश जैन शतरंज में देश का नया उभरता सितारा

नई दिल्ली.

सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है दिल्ली के रोहिणी निवासी 13 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी रौश जैन की। महज तीन साल की उम्र में जब उनकी माता शिल्पा जैन ने उनके शतरंज के प्रति झुकाव को पहचाना तो उन्होंने रोश को 'ब्रेन गेम शतरंज अकादमी' में चंदन मंडल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिलाना शुरू कर दिया।

आज रौश ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 9 से 10 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रोश 8वीं कक्षा का छात्र है। पढ़ाई के साथ साथ वह अभ्यास में 6 से 7 घंटे देते है। उनकी मेहनत और लगन से उनके आस पड़ोस के लोग भी काफी प्रभावित है। वर्तमान में यह खिलाड़ी शतरंज कोच सावित्री जोशी और करुण दुग्ल के नेतृत्व में अपने खेल को आगे बढ़ा रहा है।

राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियन (अंडर-15) 13 वर्ष की उम्र में पेड्डापुरम, आंध्र प्रदेश में खिताब जीता (जनवरी 2025), एसजीएफआई

दिल्ली राज्य चैंपियन (अंडर-17) 68वें एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल खेलों में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक जीते (नवंबर 2024), राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियन (अंडर-7) 2018 में भुवनेश्वर में खिताब अपने नाम किया। कामनवेल्थ शतरंज चैंपियनशिप 2018 (अंडर-8) में रजत पदक। वेस्टर्न एशियन यूथ एंड जूनियर चेस चैंपियनशिप 2019 (अंडर-8) ब्लिट्ज़ में स्वर्ण, रैपिड और क्लासिकल में रजत पदक। वेस्टर्न एशियन आनलाइन यूथ शतरंज चैंपियनशिप 2021 (अंडर-10) में स्वर्ण पदक। एशियाई राष्ट्र कप आनलाइन टीम शतरंज चैंपियनशिप 2022 में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) द्वारा 'फिडे मास्टर' (एफएम) की उपाधि (2022) हासिल की है। इनके अलावा कई ऐसे भी टूर्नामेंट में जीत प्राप्त की है जो लोकल स्तर पर खेले जा रहे है।

आईपीएल 18वें सीजन का जयपुर में 5 मैचों का आयोजन

जयपुर. अगले महीने आईपीएल के 18वें सीजन की शुरुआत होने वाली है, जिसके बीसीसीआई द्वारा शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है. अलग-अलग शहरों में आईपीएल को लेकर तैयारियां चल रही है, ऐसे ही जयपुर में भी आईपीएल की तैयारियां जोरों पर हैं लेकिन आईपीएल से पहले हर साल जयपुर में कोई न कोई विवाद जरूर होता है, ऐसा ही विवाद खेल परिषद और एडहॉक कमेटी के आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर चल रहा था जो अब खत्म हुआ है. इस बार जयपुर में आईपीएल मैच खेल परिषद के नेतृत्व में आयोजित होंगे.

आपको बता दें इंडियन प्रीमियर लीग के आयोजन के लिए विशेष रूप से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खेल परिषद को जयपुर में आईपीएल के मैच का आयोजन करने के लिए अधिकृत किया है. इससे पहले आईपीएल मैचों के आयोजन के लिए राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने खुद के नेतृत्व में आईपीएल करवाने की मांग रखी थी, लेकिन अब आईपीएल के मैचों के आयोजन की जिम्मेदारी खेल परिषद को दी गई है.

आपको बता दें जयपुर इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन के मैचों के आयोजन को लेकर खेल परिषद और एडहॉक कमेटी बीच लम्बे समय से विवाद चल रहा था. राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी की ओर से खेल विभाग को आरसीए के नेतृत्व में इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबला कराने की मांग की थी, जिसके अनुसार लेटर में कहा गया कि जयपुर का सवाई मानसिंह स्टेडियम एडहॉक कमेटी को हैंडओवर कर दिया जाए, जिसके बाद खेल परिषद ने एडहॉक कमेटी को स्टेडियम हैंडओवर नहीं किया, जिसके बाद विवाद हुआ लेकिन अब बीसीसीआई ने खेल परिषद को जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के मैचों की जिम्मेदारी दी है.

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 :

नई दिल्ली.

क्रिकेट के महारथियों ने पुराने स्ट्रोक, जोशीले स्पैल और अविस्मरणीय पलों को दोहराते हुए इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 के उद्घाटन संस्करण में इतिहास को फिर से लिखा। शनिवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंडिया मास्टर्स ने एक रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका मास्टर्स को चार रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मैच की शुरुआत बल्लेबाजी के उस्ताद सचिन तेंदुलकर को कुमार संगकारा ने बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित करने से की। सचिन ने दो चौके लगाकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद स्टुअर्ट बिन्नी और यूसुफ पठान के शानदार अर्धशतकों और गुरकीरत सिंह मान और युवराज सिंह के शानदार प्रदर्शन ने मेजबान टीम को 224 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

अंबाती रायुडू के साथ पारी की शुरुआत करते हुए सचिन आउट होने से पहले इसुरु उदाना के पहले ओवर में दो चौके लगाए। इसके बाद स्टुअर्ट बिन्नी और गुरकीरत सिंह मान ने तीसरे विकेट के लिए 87 रनों की साझेदारी करके श्रीलंका के गेंदबाजों को परेशान कर दिया और मैच की लय स्थापित कर दी। बिन्नी ने 31 गेंदों पर सात गगनचुम्बी छक्कों और तीन चौकों की मदद से 68 रन बनाए, जबकि मान छह रन से अपना अर्धशतक चूक गए, लेकिन उनकी 32 गेंदों पर सात चौकों की मदद से टीम 12वें ओवर तक 113 रन तक पहुंच गई। उनके आउट होने के बाद, युवराज सिंह ने बिन्नी का साथ दिया और 33 रन जोड़े।

युवराज की पुरानी शैली की झलक देखने को मिली, जिसमें उन्होंने 22 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाते हुए दो छक्के और चौके लगाए। इसके बाद यूसुफ पठान ने अपनी शानदार पावर-हिटिंग से अपने साथी को पछाड़ दिया। उनके शॉट्स की रेंज को देखते हुए ऐसा कभी नहीं लगा कि यूसुफ ने क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, क्योंकि बड़ौदा के दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 22 गेंदों पर छह शानदार छक्के और तीन चौकों की मदद से नाबाद 56 रन बनाए और भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। श्रीलंका मास्टर्स के लिए सुरंगा लकमल ने दो विकेट चटकाए।

इसके जवाब में कप्तान संगकारा ने 30 गेंदों में 51 रनों की शानदार और दमदार पारी खेलकर श्रीलंका मास्टर्स की अगुआई की और सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि उन्होंने लाहिरू थिरिमाने के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी करके मंच तैयार किया, जिन्होंने 17 गेंदों में 24 रन बनाए। हालांकि, इरफान पठान के आने से खेल का रुख कुछ ही ओवरों में बदल गया, क्योंकि बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने लगातार तीन गेंदों पर संगकारा और चतुरंगा डी सिल्वा के विकेट चटकाकर खेल पर लगाम लगा दी।

मणिपुर में वापस आने लगे लूटे गए हथियार

राष्ट्रपति शासन के बाद नरम पड़े उग्रवादी

इंफाल.

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने सख्ती से कहा था कि उग्रवादी संगठन अपने हथियार सरेंडर कर दें। उनकी इस अपील का असर भी दिखाई दे रहा है। चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिले के कई उग्रवादियों और अन्य लोगों ने हथियार सरेंडर कर दिए हैं। राज्य में असम राइफल्स, सीआरपीएफ और पुलिस ने एक जागरूकता अभियान भी चलाया है जिससे की वहां के समाज को हथियार मुक्त बनाया जा सके और हिंसा को रोका जा सके।

16 अवैध और लूटे गए हथियार सरेंडर किए गए। इनमें एक एम-16 राइफल, एक 7.62 एमएम एसएलआर, दो एके श्रेणी की राइफल, तीन इनसास राइफल और अन्य खतरनाक हथियार शामिल हैं। गोला बारूद में 64 जिलेटिन रॉड, 10

राउंड 60 एमएम पुंपी, 17 राउंड एके राइफल के कारतूस और अन्य तरह की गोलियां शामिल हैं। एक लूटी गई टियर गैस गन भी अधिकारियों को सौंप दी गई। आने वाले समय में कई संगठनों ने हथियार डालने का वादा किया है। यह स्थिति सरकारी सुरक्षा बलों की अक्षमता के कारण उत्पन्न हुई, जो संकट के चरम पर होने के समय गांवों की रक्षा करने में विफल रहे। संगठनों के एक निकाय ने शनिवार को राज्यपाल से अनुरोध किया कि वह इस प्रक्रिया में सहयोगात्मक दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय युवा नेताओं के साथ औपचारिक रूप से जुड़ें। 'कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटेग्रिटी' (सीओसीओएमआई) ने एक बयान में यह भी कहा कि सात दिन की समय सीमा बहुत कम है।

भल्ला ने 20 फरवरी को राज्य के लोगों से सात दिन के अंदर हथियार सौंपने का आग्रह किया था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि इस अवधि के दौरान हथियार छोड़ने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा था कि समय सीमा समाप्त होने के बाद "कड़ी कार्रवाई" की जाएगी। सीओसीओएमआई ने कहा, "हम इसे (राज्यपाल की हथियार समर्पण की अपील को) देश के कानून के तहत एक आवश्यक कदम मानते हैं। हालांकि, उन परिस्थितियों को पहचानना जरूरी है जिनके कारण स्थानीय युवाओं ने हथियार उठाए और हथियार लूटे।

भारत ने होंडुरास को भेजी 26 टन मानवीय सहायता

चिकित्सा और राहत सामग्री शामिल : रणधीर

नई दिल्ली.

भारत ने होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी है। यह सहायता हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के मद्देनजर भेजी गई है। होंडुरास को मानवीय सहायता भेजने के बारे में विदेश मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस खेप में सर्जिकल आपूर्ति खेप में सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट सहित चिकित्सा आपूर्ति और आपदा राहत सामग्री शामिल है।

महाकाल मंदिर के गर्भगृह में वीआईपी एंट्री

भोपाल.

मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर के गर्भगृह में वैसे तो किसी की एंट्री नहीं है, लेकिन यदि आप अमीर हैं या आपकी अच्छी पहुंच है तो आप क्या, आपके बच्चे भी गर्भगृह में जा सकते हैं. जी हां, ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में एक बच्ची महाकाल मंदिर के गर्भगृह में घूम रही है. यह वीडियो किसने और कब बनाया, इसकी तो जानकारी नहीं मिल सकी है, लेकिन वायरल हो रहे इस वीडियो पर बवाल मचा हुआ है. लोग मंदिर की व्यवस्था और श्रद्धालुओं के साथ भेदभाव को लेकर सवाल उठा रहे हैं.

महाकाल मंदिर में दर्शन पूजन के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं. इन नियमों को तोड़ने वालों को जेल तक भेजने की व्यवस्था है. हालांकि यह कानून आम श्रद्धालुओं के लिए ही है. वायरल हो रहा वीडियो भी इसी बात की गवाही देता नजर आ रहा है. इस

वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि महाकालेश्वर मंदिर के गर्भग्रह में एक नन्ही बालिका पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन करने के साथ ही अपना सर झुकाकर उनका आशीर्वाद ले रही है. यह वीडियो बालिका के गर्भग्रह में आने से लेकर उसके बाहर निकलकर परिजनों के साथ नंदी हॉल तक जाने का है.

श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति दावा करती है कि बाबा के दरबार में सभी श्रद्धालु एक समान हैं और उन्हें एक समान रूप से ही दर्शन कराया जाता है. जबकि इस वीडियो को देखने पर साफ पता चलता है कि अभी भी वीआईपी श्रद्धालुओं को चांदी द्वार तक जाने दिया जा रहा है और उन्हें मोबाइल से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करने से भी नहीं रोका जा रहा. जबकि आम श्रद्धालुओं को ऐसी सुविधा नहीं मिलती. अब वायरल वीडियो पर बवाल मचने के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने सफाई दी है. समिति ने दावा किया है कि वीडियो के माध्यम से इस व्यक्ति की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाएगी.

इन देशों में होंगे सबसे लंबे रोजे

नई दिल्ली.

इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र महीने रमजान की शुरुआत होने वाली है. पूरी दुनिया के मुसलमान इस महीने में 30 दिनों तक रोजे रखते हैं, जिसमें वह सूर्य उदय होने से सूर्यास्त तक न कुछ खाते हैं न पीते हैं. ये हम सभी जानते है कि हमारी पृथ्वी सूरज के चारों और चक्कर लगाती है, जिसकी वजह से सूरज छिपने और निकलने का अलग-अलग देश में अलग-अलग समय होता है और ये कम ज्यादा हो सकता है.

इसी वजह से कुछ देशों के मुसलमान तो सिर्फ 12 घंटे का रोजा रखेंगे, तो कुछ 18 घंटों तक बिना पानी और खाना खाए रहने वाले हैं. जबकि आम तौर पर रोजे के औसत घंटे 14-15 तक होते हैं. आइये जानते हैं इस साल सबसे लंबा और सबसे छोटा रोजा कहा हैं.

ग्रीनलैंड में इस साल 18 घंटे 12 मिनट का सबसे लंबा रोजा होगा. इसके अलावा आइसलैंड, स्कॉटलैंड और ब्रिटेन में 16 से 18 घंटा को रोजा रखा जाएगा. वहीं भारत और एशिया मिडिल ईस्ट के देशों में रोजा 14 से 15 घंटो का है.

रमजान 2025 शुक्रवार 28 फरवरी या शनिवार, 1 मार्च को शुरू होगा और भारत सहित रविवार, 30 मार्च या सोमवार, 31 मार्च को पूरा होगा.

इस चांद के दिखाई देने न देने की वजह से थोड़ा बदलाव हो सकता है. 30 रोजे पूरे होने के बाद दुनिया भर के मुसलमान ईद उल फितर मनाएंगे. इस्लाम धर्म में इस ईद को रमजान की इबादत का तोहफा समझा जाता है. पूरे महीने नमाज रोजे की पाबंदी करने के बाद मुसलमान ईद मनाते हैं.

करोड़ों लोग रह रहे जिन्हें भारत में रहने का अधिकार नहीं है : धनखड़

नई दिल्ली. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अवैध प्रवासियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि अवैध प्रवासी देश की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं और इसके प्रति जागरूकता होनी चाहिए। अमेरिकी सरकार की ओर से हाल में अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को पूछना चाहिए कि हमारे देश में यह प्रक्रिया कब शुरू होगी। धनखड़ ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के 65वें दीक्षांत समारोह में कहा, 'करोड़ों लोग जिन्हें भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है, वे यहां रह रहे हैं। वे यहां अपनी आजीविका कमा रहे हैं। धनखड़ ने कहा, 'ये लोग हमारे संसाधनों को लेकर मांग कर रहे हैं।

बीजेपी ज्वाइन करेंगे भूपेंद्र हुड्डा ?

नई दिल्ली.

लोकसभा चुनाव में थोड़ी बहुत खुशी के वजह मिलने के बाद से लगातार कांग्रेस को झटके पर झटके लगते जा रहे हैं। पहले हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में हार को सामना करना पड़ा तो बाद में दिल्ली में 'जीरो' के जिन ने साथ नहीं छोड़ा। इसके साथ ही अब दिग्गज नेताओं की नाराजगी परेशानी का सबस और बन गई है। दक्षिण में शशि थरूर कांग्रेस के आकाश विलुप्त होना चाह रहे हैं तो उत्तर में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा 'हाथ' छोड़ने वाले हैं!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को सुनील जाखड़ के पोते की शादी के रिसेप्शन में शामिल हुए थे। हरियाणा के पूर्व सीएम और कांग्रेस के दिग्गज नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की थी। रिसेप्शन का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल

हो रहा है। इसमें पीएम मोदी और हुड्डा एक-दूसरे का हालचाल पूछते नजर आ रहे हैं। इसको लेकर पूर्व सीएम हुड्डा ने सफाई दी है।

इस मामले पर जब चंडीगढ़ में भूपेंद्र सिंह हुड्डा से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, उसके बाद क्या हुआ। शादी थी, सभी मिलते हैं। उन्होंने मुझे नहीं बुलाया है। मेरे पास एक व्यक्ति खड़ा था, उसे बुलाया गया है। उसने समय मांगा था, अश्वनी कुमार मेरे पास खड़े थे, उन्हें बुलाया गया है। जब वे 10 साल तक मुख्यमंत्री रहे तो हम रोज मिलते थे। सम्मेलनों में मिलते थे। अरे ये लोकतंत्र है, हमारा विरोध राजनीतिक है, कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है।

जुलाना नगर पालिका चुनाव में प्रचार करने आए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को भाजपा में शामिल होने का ऑफर तक दे दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति में सभी संभावनाएं खुली हैं। अगर हुड्डा भाजपा में शामिल होना चाहते हैं तो हो सकते हैं। राजनीति में कब क्या हो जाए कोई नहीं जानता। पिछले साल हरियाणा में चुनाव हुए थे और भाजपा ने यहां लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की थी।

भाजपा को 48 सीटें मिली थीं और कांग्रेस महज 37 सीटों पर सिमट गई थी। यहां कांग्रेस की हार का कारण भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा के बीच तनातनी को माना गया था। इस वजह से कांग्रेस आलाकमान हुड्डा से नाराज भी हुआ। जिसकी बानगी दिल्ली चुनाव में बी देखने को मिली। पार्टी ने यहां स्टार प्रचारकों की सूची में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को जगह नहीं दी, जबकि कुमारी सैलजा मंचों पर नज़र आईं।

8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में कांग्रेस का अधिवेशन

> बेलगाम सत्र के प्रस्तावों पर होगा मंथन

नई दिल्ली.

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अगला अधिवेशन 8 और 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में होगा. इस बैठक में देशभर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि आलाकमान के साथ मंच साझा करेंगे. प्रभारी और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी है. एआईसीसी सत्र में पार्टी के भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा भी तैयार होगी. केसी वेणुगोपाल ने बयान में कहा कि, 'गुजरात में 8 और 9 अप्रैल को अधिवेशन होगा. इस महत्वपूर्ण समागम में देशभर से प्रतिनिधि जुटेंगे, जो बीजेपी की जनविरोधी नीतियों से उत्पन्न चुनौतियों और संविधान और उसके मूल्यों पर लगातार हो रहे हमले पर चर्चा करेंगे. साथ ही पार्टी की भावी कार्रवाई का खाका भी तैयार करेंगे.'

जारी बयान के मुताबिक अहमदाबाद में अधिवेशन सत्र की शुरुआत 5 अप्रैल को विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक से होगी. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दोनों बैठकों की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष भाग लेंगे. इसमें सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता (लोकसभा) राहुल गांधी, कांग्रेस शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ पार्टी नेता और अन्य प्रतिनिधि शामिल होंगे.

पंचकूला में खड़े ट्रक से टकराई कार

चंडीगढ़. हरियाणा के पंचकूला में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई. हादसा तब हुआ जब उनकी कार हाईवे पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई. जानकारी के मुताबिक, ये सभी लोग हिमाचल प्रदेश से लौट रहे थे.

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक हादसा पंचकूला-शिमला नेशनल हाईवे पर पिंजौर के पास हुआ. पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार कार आगे खड़े ट्रक में जा घुसी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चारों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई.

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची. पुलिस ने सभी शवों को कार से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. हादसे के कारणों की जांच की जा रही है. शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि दुर्घटना तेज रफ्तार और कोहरे के कारण हुई है. हालांकि, पुलिस अन्य संभावनाओं की भी जांच कर रही है. हादसे के बाद स्थानीय लोगों में मातम पसरा हुआ है. पुलिस मृतकों की पहचान करने और उनके परिजनों को सूचित करने में जुटी हुई है.

इजराइल ने रोक दी कैदियों की रिहाई

यरुशलम.

हमास ने इजराइली बंधकों की रिहाई में एक ऐसी हरकत कर दी कि अब उसको वो भारी पड़ गई है. इजराइल ने कैदियों को एक्सचेंज करने के दौरान बड़ा फैसला लिया है. देश ने ऐलान कर दिया है कि अब वो कई फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने में देरी करेगा. साथ ही उस ने कहा जब तक कि अगले बंधकों की रिहाई का आश्वासन नहीं दिया जाता है तब तक बंधकों को रिहा करने में देरी की जाएगी.

दरअसल, शनिवार को हुई रिहाई के दौरान हमास के लड़ाकों के साथ खड़े इजराइली बंधकों ने पहले हमास के लड़ाकों के सिर पर चूमा और फिर मुस्कुराते हुए उन्हें छोड़ दिया गया, साथ ही उन्हें सेना की नकली वर्दी उन बंधकों को पहनाई गई थी. हमास की इसी हरकत की अब इजराइल निंदा कर रहा है.

इस सिलसिले में प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस का बयान रविवार सुबह सामने आया है. दरअसल, शनिवार को अब तक की सबसे बड़ी कैदियों की रिहाई होनी थी. 620 फिलिस्तीनी कैदियों को 6 इजराइली कैदियों के बदले छोड़ा जा रहा था, लेकिन शनिवार को होने वाली इस रिहाई में अब इजराइल ने देरी करने का ऐलान कर दिया है.

हमास ने 6 इजराइली कैदियों को छोड़ दिया उसी के बाद कई घंटों की 620 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ने में देरी हुई.

यह युद्धविराम के पहले चरण में सबसे बड़ी संख्या में कैदियों की रिहाई थी, लेकिन अब इजराइल ने इस में देरी कर दी है. इजराइल की घोषणा ने अचानक युद्धविराम के भविष्य को और संदेह में डाल दिया है.

महाकुंभ को योगी ने बताया स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न

> बोले- 62 करोड़ श्रद्धालुओं का संगम पहुंचना 'दुर्लभतम'

नई दिल्ली.

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यानी रविवार को कहा कि, प्रयागराज के महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और एक निश्चित समयावधि के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है। आज आगरा में 'यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव' (यूनिकॉर्न कंपनियों का सम्मेलन) में मुख्यमंत्री योगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा, ''मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कह सकता हूं। इस समय महाकुंभ के प्रति आकर्षण है।"

आज उन्होंने कहा कि, ''मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है। आज जब मैं ब्रज भूमि में आया हूं जिसके पीछे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि रही है। लंबे काल खंड से इसने भारत की सभ्यता और संस्कृति को प्रभावित किया है। योगी ने कहा कि कल ही प्रयागराज से आया और आज इस

'सम्मेलन' के बाद उन्हें पुन: प्रयागराज पहुंचना है। मुख्यमंत्री योगी ने महाकुंभ में इस बार आने वाले श्रद्धालुओं की चर्चा करते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं।

इसके साथ ही सीएम योगी ने कहा कि, ''मुझे लगता है कि दुनिया के अंदर किसी भी आयोजन (चाहे वह आध्यात्म से जुड़ा हो या किसी भी तरह के पर्यटन से संबंधित हो) में एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना और उस आयोजन के साथ एकजुट होना, अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है।" इस पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि उप्र में उनकी सरकार को इसे आयोजित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब कुंभ की बात करते हैं तो कुंभ का इतिहास हमें इस बात पर सोचने के लिए मजबूर करता है कि भारत में प्राचीन काल से इस तरह के आयोजन की व्यवस्था थी।

धर्म के साथ खिलवाड़ कर रही बीजेपी

> 'नमाज ब्रेक' खत्म होने पर भड़के मुस्लिम विधायक

दिसपुर.

असम विधानसभा में लंबे समय से चले आ रहे 'नमाज ब्रेक' को खत्म किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए महासचिव रफीकुल इस्लाम ने बीजेपी पर धार्मिक मामलों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। इस्लाम ने कहा कि विधानसभा में 126 विधायकों में से 31 मुसलमान हैं। ऐसे में उन्हें ब्रेक देना कोई बड़ी बात नहीं थी लेकिन बीजेपी धर्म के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस्लाम ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, हमें शुक्रवार को 1 से डेढ़ घंटे का ब्रेक दिया जाता था। इससे पहले भी बीजेपी, एजीपी और जनता दल की सरकार रह चुकी है लेकिन तब किसी को कई समस्या नहीं थी। पिछले सत्र में बीजेपी ने ही नियमों में परिवर्तन कर दिया। तब भी

हमने इसका विरोध किया था।

उन्होंने कहा, यह बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा है कि अपने धर्म को सब पर थोप दिया जाए। शुक्रवार को हम नमाज के लिए चले गए। तब भी कार्यवाही चलती रही और हम महत्वपूर्ण बहस का हिस्सा नहीं बन पाए।

हम भी विधानसभा के सदस्य हैं और अहम चर्चाओं में शामिल होना चाहते हैं। लेकिन दूसरी तरफ नमाज पढ़ना भी जरूरी है। हमें बहस से ही वंचित किया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। हमने स्पीकर से भी अपनी मांगें की थीं लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं सुनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम आने वाले हैं। लेकिन पीएम मोदी पूर्वोत्तर की केवल बात करते हैं, वह कुछ भी करते नहीं हैं। असम के मुख्यमंत्री कई देश गए।

अगर विदेश से कोई निवेश हुआ तो हमने विरोध नहीं किया। असम में बहुत ज्यादा उद्योग अब भी नहीं हैं। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री शुरू हुई है जो कि अच्छा है। लेकिन दूसरी तरफ बहुत सारे उद्योग बंद हो गए। यहां बहुत बेरजोगरी है। आपको बता दें कि 1937 से ही असम विधानसभा में नमाज के लिए दो घंटे की छुट्टी दी जाती थी। हिमंत बिस्वा सरमा ने इस परंपरा को औपनिवेशिक बोझ बताते हुए खत्म कर दिया।

सुवेंदु अधिकारी ने उठाया एनआरसी का मुद्दा

नई दिल्ली. भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने एनआरसी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि घुसपैठ पर लगाम लगाने और जनसांख्यिकी स्वरूप में आने वाले बदलाव को रोकने के लिए राज्य में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लागू कराना जरूरी है। इसका सभी राजनीतिक दलों को समर्थन करना चाहिए। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि भाजपा शासित राज्य एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) को लागू कर रहे हैं। मगर तृणमूल कांग्रेस सरकार इससे इनकार कर रही है। यह काफी हैरान करने वाला है। इससे लगता है कि वह बढ़ती घुसपैठ को लेकर चिंतित नहीं हैं। अधिकारी ने कहा कि अंसारुल्लाह बांग्ला जैसे बांग्लादेशी आतंकी संगठन बंगाल के जिलों में अपने ठिकाने बढ़ा रहे हैं।

भारत का अपमान करने के बावजूद चुप्पी क्यों ?

नई दिल्ली.

यूएसएड फंडिंग विवाद के बीच, कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा। कांग्रेस ने भाजपा पर 'अमेरिका से झूठी खबरें' फैलाने और 'राष्ट्र-विरोधी कार्य' करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को यह बताना चाहिए कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क बार-बार भारत का 'अपमान' कर रहे हैं, तो सरकार चुप क्यों है? हालांकि, भाजपा ने कांग्रेस के सभी आरोपों को खारिज कर दिया। साथ ही राहुल गांधी को 'देशद्रोही' करार देते हुए कहा कि वह वह विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा को झूठे और अनपढ़ लोगों का समूह बताया। साथ ही कहा कि

कांग्रेस ने कहा- पीएम मोदी- जयशंकर जवाब दें

21 मिलियन अमेरिकी डॉलर की खबर, जिस पर भाजपा ने हंगामा किया, फर्जी निकली। उन्होंने कहा, 2022 में 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर की खबर भारत में 'मतदान' के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश के लिए थी।' उन्होंने आरोप लगाया कि एलोन मस्क ने फर्जी दावा किया, ट्रंप बांग्लादेश और भारत के बीच भ्रमित हो गए। अमित मालवीय ने झूठ को और फैलाया, फिर भाजपा के बाकी चाटुकारों ने इसका फायदा उठाया।

रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को जवाब देना होगा, डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क बार-बार भारत का अपमान कर रहे हैं और हमारी सरकार इस पर चुप क्यों है? कांग्रेस नेता ने कहा, 'क्या ऐसा है कि अदाणी के लिए दया की भीख मांगने के चक्कर में देश के स्वाभिमान से समझौता किया गया है?'

यूएसएड के दो अनुदानों को लेकर है विवाद

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि विवाद असल में सूची में यूएसएड के दो अनुदानों को लेकर है, जो वाशिंगटन स्थित कंसोर्टियम फॉर इलेक्शन्स एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग (सीईपीपीएस) के माध्यम से दिए गए थे। उन्होंने कहा कि सीईपीपीएस को यूएसएड से कुल 486 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलने थे। फंड में मोल्दोवा के लिए 22 मिलियन डॉलर और 'भारत में मतदान' के लिए 21 मिलियन डॉलर शामिल थे। रमेश ने स्पष्ट किया कि भारत के लिए यूएसएड का 21 मिलियन डॉलर का अनुदान असल में बांग्लादेश के लिए था।